●वर्ष : 16 ●अंक : 170 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

मंगलवार 08 अक्टूबर 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

# हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में किसकी सरकार?

## >> वोटो की गिनती कल, तैयारी पूरी

नूना न्यूज एजेंसी

**जम्मू-कश्मीर।** और हरियाणा में विधानसभा चुनाव 2024 5 अक्टूबर को समाप्त हो गए। वोटों की गिनती कल 8 अक्टूबर को सुबह 8 बजे होगी। हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों के लिए मतदान 5 अक्टूबर को हुआ था। जम्मू और कश्मीर में 18 सितंबर (24 सीटें), 25 (26 सीटें) और 1 अक्टूबर (40 सीटें) को तीन अलग-अलग चरणों में मतदान हुआ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) और इंडियन नेशनल लोक दल (आईएनएलडी) हरियाणा में महत्वपूर्ण दल हैं। जेजेपी ने आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के साथ गठबंधन किया है, जबकि इनेलो ने बहुजन समाज पार्टी



(बसपा) के साथ गठबंधन किया है।

**>> हरियाणा**

हरियाणा के चुनाव अधिकारी सितेंद्र सिवाच का ने कहा कि त्रिस्तरीय सुरक्षा तैनात की गई है। आज रिहर्सल हो गई है। कल सुबह 8 बजे गिनती शुरू होगी। स्टाफ को प्रशिक्षित किया गया है। लोकसभा चुनावों के बाद हरियाणा में विधानसभा चुनाव भाजपा और कांग्रेस के बीच पहला बड़ा सीधा मुकाबला है। इस चुनाव के परिणाम का इस्तेमाल विजेता द्वारा अन्य राज्यों में अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए किया जाएगा, जहां अगले कुछ महीनों में चुनाव होने हैं। हरियाणा की 90 सीट पर 464 निर्दलीय और 101 महिलाओं सहित कुल 1,031 उम्मीदवार मैदान में हैं।

कई एग्जिट पोल ने हरियाणा में कांग्रेस की जीत का अनुमान जताया है, जहां 67.90 प्रतिशत मतदान हुआ। एग्जिट पोल के नतीजों को खारिज करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दावा किया है कि उनकी पार्टी भाजपा आठ अक्टूबर को पूर्ण बहुमत के साथ तीसरी बार सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि जब आठ अक्टूबर को नतीजे घोषित होंगे तो कांग्रेस इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को दोष देगी। दूसरी ओर, कांग्रेस नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पूर्ण बहुमत मिलने का विश्वास जताया है। हुड्डा को कांग्रेस के जीतने पर मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा है।

**>> जम्मू और कश्मीर**

जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (JKNC), जम्मू और कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (JKPDP), कांग्रेस और भाजपा जम्मू और कश्मीर में महत्वपूर्ण दल हैं। अल्ताफ बुखारी के नेतृत्व वाली जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी (जेकेएपी), सज्जाद गनी लोन की जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस (जेकेपीसी), और इंजीनियर राशिद की जम्मू-कश्मीर अवामी इत्तेहाद पार्टी अन्य महत्वपूर्ण पार्टियां हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पीके पोले ने कहा कि सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती होगी, उसके बाद ईवीएम की गिनती शुरू होगी। प्रत्येक जिला मुख्यालय में मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। प्रादेशिक मतदान केंद्रों की गिनती 25 स्थानों पर की जाएगी और प्रवासी मतदान केंद्रों की गिनती 3 स्थानों पर की जाएगी। सभी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं।

उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों ने अपने काउंटिंग एजेंटों के बारे में भी जानकारी दी है। ईवीएम को ट्रिपल लेयर सुरक्षा में रखा गया है। सबसे बाहरी परत में पुलिस होती है, मध्य परत में सीएपीएफ की सुरक्षा होती है, और आंतरिक परत में एक समर्पित अनुभाग होता है जो चौबीसों घंटे मतगणना केंद्र की निगरानी करता है। केंद्र शासित प्रदेश की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनावी मुकाबले में उतरे 873 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला मंगलवार शाम तक होने की संभावना है। इस बार मतदान 63.45 प्रतिशत रहा, जो 2014 के विधानसभा चुनाव में दर्ज 65.52 प्रतिशत से कम है।

चुनाव मैदान में उतरने वाले प्रमुख उम्मीदवारों में नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला (बडगाम और गंदेरबल, दो विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे हैं), पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद गनी लोन (हंदवाड़ा और कुपवाड़ा सीटों से), प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा (बटमालू) और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना (नौशेरा सीट) शामिल हैं। अन्य उम्मीदवारों में कांग्रेस महासचिव गुलाम अहमद मीर (डूरू), पीडीपी नेता वहीद पारा (पुलवामा), इल्तिजा मुफ्ती (बिजबेहरा), जम्मू एंड कश्मीर-अपनी पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी (चनापुरा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता मोहम्मद यूसुफ तारिगामी (कुलगाम) और पूर्व उपमुख्यमंत्री मुजफ्फर हुसैन बेग तथा तारा चंद शामिल हैं। शनिवार को आए एग्जिट पोल में नेकां-कांग्रेस गठबंधन को बढ़त हासिल होती दिखाई गई है तथा क्षेत्रीय पार्टियों को भी कुछ सीटें मिलने की संभावना जताई गई है।

# महाराष्ट्र में दलित के घर पहुंचे राहुल गांधी, मिलकर बनाया खाना, बोले- संविधान की हम करेंगे रक्षा

नूना न्यूज एजेंसी

**महाराष्ट्र।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक दलित परिवार के साथ बातचीत के दौरान संविधान की रक्षा और बहुजनों के अधिकारों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सोमवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किए गए एक वीडियो में, राहुल ने इस बात पर जोर दिया कि सच्चा समावेश और समानता तभी साकार होगी जब हर भारतीय भाईचारे की भावना को अपनाएगा। वीडियो में राहुल गांधी की अजय तुकाराम सनाडे और अंजना तुकाराम सनाडे के घर की यात्रा को कैद किया गया है, जहां उन्होंने पारंपरिक दलित भोजन पकाने में भाग लिया। राहुल ने वीडियो साक्षा करते हुए कहा कि दलित किचन के बारे में आज भी बहुत कम लोग जानते हैं। जैसा शाहू पटोले जी ने कहा, दलित क्या खाते हैं, कोई नहीं जानता। वो क्या खाते हैं, कैसे पकाते हैं, और इसका सामाजिक और राजनीतिक महत्व क्या है, इस जिज्ञासा के साथ, मैंने अजय तुकाराम सनदे जी और अंजना तुकाराम सनदे जी के साथ एक दोपहर बिताई। उन्होंने कोल्हापुर, महाराष्ट्र में मुझे अपने घर सम्मान के साथ बुलाकर रसोई में हाथ बंटाने का मौका दिया। हमने मिलकर चने के साग की सब्जी 'हरभ?याची भाजी' और बैंगन के साथ तुवर दाल बनाई। उन्होंने आगे लिखा कि पटोले जी और सनदे परिवार के जाति और भेदभाव के निजी अनुभवों पर बात करते हुए, हमने दलित खानपान के प्रति जागरूकता की कमी और इस संस्कृति के प्रलेखन के महत्व पर चर्चा की। राहुल ने कहा कि बहुजनों को हिस्सेदारी और अधिकार संविधान देता है, और उस संविधान की रक्षा हम करेंगे। लेकिन समाज में सभी की सच्ची समावेशिता और समानता तभी संभव होगी जब हर एक भारतीय दिल में भाईचारे की भावना के साथ प्रयास करे। बातचीत के दौरान मौजूद साहू पटोले ने राहुल को अपनी किताब दलित किचन ऑफ मराठवाड़ा के बारे में बताया, जिसका अंग्रेजी में अनुवाद किया गया है। पुस्तक का उद्देश्य दलितों द्वारा खाए जाने वाले खाद्य पदार्थों को दृश्यता प्रदान करना है, जो काफी हद तक कई लोगों के लिए अज्ञात हैं।



राहुल ने संविधान की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा, "संविधान बहुजनों को हिस्सेदारी और अधिकार देता है और हम उस संविधान की रक्षा करेंगे।" हालाँकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समावेशन और समानता का असली सार तभी प्राप्त किया जा सकता है जब प्रत्येक भारतीय भाईचारे की भावना के साथ काम करेगा।

## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



### इंडिया आउट का नारा देने वाले मुइज्जू को भारत की शरण में क्यों आना पड़ा?

भारत के साथ संबंधों के प्रति मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का बदला हुआ दृष्टिकोण कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि मालदीव की राजनीति में अक्सर देखने को मिलता है कि चुनाव अभियानों के दौरान राजनेता जो बयानबाजी करते हैं, वह आधिकारिक नीतिगत निर्णयों में तब्दील नहीं होती। मुइज्जू को राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद भारत की अहमियत समझ आ चुकी है। कर्ज में डूबे अपने देश को उबारने के लिए मुइज्जू को भारत की मदद की सख्त जरूरत है इसलिए चुनावों में इंडिया आउट का नारा देने वाले मुइज्जू भारत की शरण में आये हैं। चीन की यात्रा के दौरान ढेरों आश्वासन मिलने के बावजूद मुइज्जू अपने देश के लिए कुछ ठोस हासिल नहीं कर पाये इसलिए भारत से मदद मांगने आये हैं। हम आपको बता दें कि मालदीव पर बड़ा आर्थिक संकट मंडरा रहा है इसलिए वह चाहता है कि भारत ऋण भुगतान को थोड़ा आसान बना दे। अपनी भारत यात्रा से ठीक पहले मुइज्जू ने अपने देश को वित्तीय सहायता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा था कि दिल्ली द्वीप राष्ट्र की वित्तीय स्थिति से "पूरी तरह परिचित" है और माले के सबसे बड़े विकास भागीदारों में से एक के रूप में "बोझ को कम करने" के लिए हमेशा तैयार रहेगी। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान भारत और मालदीव ने 40 करोड़ डॉलर की मुद्रा अदला-बदली को लेकर जो समझौता किया है उससे मालदीव को विदेशी मुद्रा भंडार से जुड़े मुद्दों से निपटने में मदद मिलेगी। हम आपको यह भी बता दें कि अभी पिछले महीने ही वैश्विक एजेंसी मूडीज ने मालदीव की क्रेडिट रेटिंग यह कहते हुए घटा दी थी कि "डिफॉल्ट जोखिम बढ़ गए हैं"। दरअसल मालदीव को ऋण भुगतान में चूक का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उसका विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 440 मिलियन डॉलर हो गया है, जिससे कि सिर्फ डेढ़ महीने तक ही वस्तुओं का आयात किया जा सकता है। गौरतलब है कि यह द्विपीय राष्ट्र खाने पीने से लेकर अपनी तमाम जरूरतों के लिए विदेशों से सामान आयात करता है। विदेशों से सामान आयात करने के लिए उसे डॉलर की जरूरत है। विदेशी कर्ज चुकाने के लिए भी उसे डॉलर की जरूरत है। इसलिए मालदीव के सामने मुश्किल यह है कि वह अपने विदेशी मुद्रा भंडार में पड़े डॉलरों से कर्ज चुकाये या अपनी जनता के लिए जरूरत का सामान मंगवाये। इसके अलावा मालदीव को अपने यहां बुनियादी ढांचे में निवेश की भी जरूरत है।


SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# महाकाल मंदिर में मिलने वाला प्रसाद पूरी तरह शुद्ध

## लैब में 13 विभिन्न जांच में खरा

■ उज्जैन

प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में मिलने वाले लड्डू के प्रसाद की जांच की गई और जांच में पाया गया यह लड्डू पूरी तरह शुद्ध है। मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर का लड्डू प्रसाद खाद्य सुरक्षा नियमों के 13 मापदंडों पर खरा उतरा है, जिससे भक्तों में खुशी की लहर है। उज्जैन संभागीय आयुक्त संजय गुप्ता के अनुसार, लड्डू प्रसाद को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की कुछ



मान्यता प्राप्त लैब द्वारा किए गए 13 विभिन्न प्रकार के जांच से गुजरना पड़ा। उन्होंने कहा कि प्रसाद में चार मुख्य सामग्रियां थीं, जो है- शुद्ध घी, बेसन, रवा और चीनी जिनमें से सबसे महंगी सामग्री शुद्ध घी है।

# मुंबई की इमारत में भीषण आग, परिवार के 7 मरे

एजेंसी ■ मुंबई

महाराष्ट्र में मुंबई की एक दो मंजिला इमारत में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से एक परिवार के कम से कम सात सदस्यों की मौत हो गयी, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। मृतकों की पहचान प्रीति प्रेम गुप्ता (06), मंजू प्रेम गुप्ता (30), अनीता धर्मदेव गुप्ता (39), प्रेम छेदीराम गुप्ता (30), नरेंद्र गुप्ता (10), विधि छेदीराम गुप्ता (15) और गीतादेवी धर्मदेव गुप्ता (60) के रूप में की गयी है। उन सभी को राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।



अधिकारियों ने बताया कि यह घटना तड़के करीब पांच बजे चेंबूर इलाके की सिद्धार्थ कॉलोनी में हुई। अग्निशमन विभाग के सूत्रों के अनुसार, आग भूतल पर एक दुकान में लगी थी, जिसमें बिजली के सामान रखे थे। देखते ही देखते यह ऊपरी मंजिल तक फैल गयी, जहां परिवार रहता था। अग्निशमन विभाग ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझायी।

# प्रधान की मौजूदगी में एनसीईआरटी-अमेज़न के बीच आज अनुबंध

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार शैक्षिक संसाधनों को बढ़ाने, सुलभ बनाने, शिक्षा में नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। इसको लेकर यहां सोमवार को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) और अमेज़न सेलर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच अनुबंध पत्र (एलओई) पर हस्ताक्षर समारोह आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान करेंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सात अक्टूबर को नयी दिल्ली में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद और अमेज़न सेलर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर के लिए आयोजित समारोह की अध्यक्षता करेंगे। यह साझेदारी शैक्षिक संसाधनों को बढ़ाने, सुलभ बनाने, शिक्षा में नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।


## शारदेय नवरात्र : तंत्र साधना के लिए प्रसिद्ध है पांडवकालीन मंदिर

# मनोकामना पूर्ण करती मां बगलामुखी

■ आगर-मालवा

उज्जैन से 102 किलोमीटर एवं आगर जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूरी पर नलखेड़ा में मां बगलामुखी मंदिर स्थित है। यह मंदिर लखुन्दर नदी के तट पर है। मंदिर धार्मिक एवं तांत्रिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यहां बगलामुखी की मुर्ति पांडवकालीन है। इसका प्रमाण कालिका पुराण में बताया है।

मूर्तियों के बीच में मां बगलामुखी, दाएं महालक्ष्मी व बाएं मां सरस्वती पीण्डी के रूप में विराजित है। द्वापर युग में अज्ञातवास के समय पाण्डवों को भगवान श्रीकृष्ण ने बताया था कि तुम मां बगलामुखी की साधना करो। दस महाविद्याओं में मां बगलामुखी अष्टम महाविद्या है। मां बगलामुखी की साधना अचुक होती है। यह मंदिर 500 वर्ष से भी अधिक पुराना है। त्रिशक्ति मां का मंदिर भारत वर्ष में प्रधान सिद्ध पीठ नलखेड़ा में स्थित है। बेल पत्र, चंपा, सफेद आंकड़े, आंवले तथा निम्न एवं पीपल के वृक्ष एक साथ स्थित है। मंदिर के पीछे लखुन्दर नदी (पुरातत्व नाम लक्ष्मणा) का पानी वर्ष भर रहता है जो प्राकृतिक





सौंदर्य को दर्शाता है। नदी के किनारे कई संतो की समाधियां स्थित है। पुर्व में बड़ी संख्या में संतो के रहने का प्रमाण मिलता है। मंदिर के चारों दिशाओं में पूर्व से श्मशान (मुक्तिधाम) है, जो साधना एवं तन्त्र स्थल होने का प्रमाण है।

*■ मां बगलामुखी मंदिर परिसर में 16 खम्बों वाला सभा मण्डप है जो 276 ई.सा. वर्ष पूर्व संवत 1815 में पंडत ईबूजी दक्षिणी कारिगर श्री तुलाराम ने बनवाया था। इसी सभा मण्डप में मां की ओर मुख करता एक कछुआ है जो यह सिद्ध करता है कि पुराने समय में मां को बली चढ़ाई जाती थी। मंदिर के ठीक सम्मुख 32 फीट उंची दीपमाला स्थित है। कहा जाता है कि उसका निर्माण महाराजा विक्रमादित्य ने करवाया था।*

*■ मंदिर प्रांगण में ही एक दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर है तथा उत्तर मुखी राधाकृष्ण मंदिर एवं पूर्वमुखी भैरव जी का मंदिर स्थित है। मंदिर का सिंहमुखी द्वार प्रसिद्ध है। शारदेय चैत्र के अलावा गुप्त नवरात्री में भी तंत्र साधना होती है। आए दिन देश-विदेश के भारतीय मूल के श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है। श्रद्धालुओं की यहां बढ़ती संख्या के मान से मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों की सुविधा करोड़ों रुपए का विकास हो चुका है और सिलसिला जारी है।*

# एयर शो : दम घुटने से 5 की मौत, 230 अस्पताल में भर्ती

एजेंसी ■ चेन्नई

चेन्नई के मरीना एयर फील्ड में हुए एयर शो के दौरान भारी भीड़ उमड़ी। एयर शो के दौरान दम घुटने से पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि 230 से ज्यादा लोगों की गर्मी के चलते तबीयत बिगड़ गई। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक व्यक्ति की मौत हीट स्ट्रोक के चलते हुई है।



अपनी 92वीं वर्षगांठ मनाने के लिए भारतीय वायु सेना ने आज तमिलनाडु के चेन्नई मरीना एयरफील्ड में एक एयर एडवेंचर शो का आयोजन किया था। 21 सालों में पहली बार चेन्नई ने वायुसेना दिवस समारोह की मेजबानी की थी। उमस भरी गर्मी के बीच हजारों की संख्या में लोग एयर शो देखने पहुंचे थे। एयर शो में करीब 15 लाख लोगों ने शिरकत की।

**पहल** प्रदेशवासियों को वाहन एवं अन्य खरीददारी पर मिलेगी करों में छूट, ग्वालियर-उज्जैन की भांति

# भोपाल, इंदौर, जबलपुर में लगेंगे व्यापार मेले

■ भोपाल

प्रदेश में ग्वालियर, उज्जैन की तर्ज पर दूसरे बड़े शहरों में भी व्यापारिक मेले आयोजित होंगे। जिनमें वाहन खरीदी पर पंजीयन शुल्क में छूट से लेकर अन्य खरीदी पर करों में राहत मिलेगी। उद्योग विभाग ने नए व्यापारिक मेलों के आयोजन की रणनीति तैयार कर ली है। जल्द ही स्थानीय व्यापारिक संघों के साथ चर्चा कर मेलों आयोजन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पिछले दिनों विभागीय अधिकारियों को व्यापारिक मेलों के संबंध में निर्देश दे चुके हैं।



2023 से पहले तक सिर्फ ग्वालियर में ही व्यापारिक मेले का आयोजन होता रहा है। ग्वालियर में इस मेले की शुरुआत सिंधिया रियासत के समय 1905 में हुई थी। इसकी गिनती एशिया के एक मात्र मेले में होती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर इसी साल 1 मार्च से उज्जैन में विक्रम व्यापार मेले की शुरुआत हुई। इस मेले में भी ग्वालियर की तरह करों में छूट दी गई थी। अब मप्र सरकार राज्य के अलग-अलग हिस्से के बड़े जिलों में व्यापारिक मेला शुरू करने जा रही है। जिसमें जबलपुर, भोपाल और इंदौर शामिल है। इन मेलों की सफलता के बाद सागर, रीवा में भी व्यापार मेले पर विचार होगा। (शेष अंतिम पृष्ठ पर)

### पहली बार में ही उज्जैन मेले ने किया रिकॉर्ड कारोबार

इस वर्ष ग्वालियर व्यापार मेला 25 दिसंबर से 24 फरवरी 2024 तक चला था। जिसमें 1800 करोड़ से अधिक का व्यापार हुआ। उज्जैयिनी विक्रम व्यापार मेला 1 मार्च से 9 अप्रैल तक चला। जिसमें 2765.25 करोड़ रुपए का व्यापार हुआ। उज्जैन मेले ने पहली बार ही कारोबार का रिकॉर्ड बना दिया।

### इनका कहना है

मुख्यमंत्री ने ग्वालियर-उज्जैन की तर्ज पर अन्य शहरों में भी व्यापार मेले आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इस दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं। निकट भविष्य में इसका अंतिम निर्णय हो जाएगा।

- नवनीत मोहन कोठारी, आयुक्त, उद्योग

# राजा भोज के समय बना था राजराजेश्वरी मंदिर

■ शाजापुर

नगर के मध्य से गुजरने वाले आगरा-मुम्बई राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 3 पर स्थित मां राजराजेश्वरी का चमत्कारी दरबार नगर के मध्य से गुजरने वाली उसी चीलर नदी के किनारे स्थित है, जिसे बीते समय में चन्द्रभागा के नाम से जाना जाता था। प्राचीन व चमत्कारी गौरवगाथा से भक्तों की आस्था का केन्द्र बन चुके मां राजराजेश्वरी माता मंदिर से संबंधित कई प्राचीन व पौराणिक विवरण स्कन्ध पुराण में भी मौजूद हैं।

मंदिर से जुड़ी पुरानी भौगोलिक स्थिति की यदि बात की जाए तो 1060 ई. में राजा भोज के कार्यकाल में निर्मित मां राजराजेश्वरी का उक्त मंदिर नगर के उन प्राचीन देवी स्थलों में से एक है, जब शाजापुर एक नगर न होकर छोटे-छोटे गांव के डेरों की बसाहट हुआ करता था। उस समय नगर में चारों ओर बियाबान जंगल हुआ करते थे, लेकिन कालांतर में सिंधिया परिवार के आधिपत्य में आने के बाद महाराज माधौराव द्वारा सन् 1734 में मंदिर के सभा मण्डप व परिसर हेतु पर्याप्त भूमि एवं जलस्त्रोत के रूप में एक बावड़ी का निर्माण करवाया गया। पुजारी पं. आशीष नागर के अनुसार मां राजराजेश्वरी की त्रिकाल पूजा नियमिति की जाती है तथा प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती का पाठ भी किया जाता है। मंदिर में विगत करीब 55 वर्षों से अखण्ड ज्योत प्रज्वलित है। इस अखण्ड ज्योति का जागृत होना मां के आशीर्वाद का ही परिणाम है।





**हर वर्ष चैत्र नवरात्रि पर लगता है मेला :** नियमित सेवा-पूजा से देवी प्रसन्न होती है। इसे चमत्कार कहिए अथवा फिर मंदिर के पारंपरिक पुजारी रहे नागर परिवार द्वारा मां राजराजेश्वरी पर आस्था, विश्वास एवं श्रद्धा का परिणाम कि मां राजराजेश्वरी मैया की मूर्ति विशाल कद की होकर अपनी भव्यता लिए हुए अनेकों चमत्कारों की साक्षी बनी हुई है। वर्ष प्रतिपदा चैत्र नवरात्रि पर प्रतिवर्ष में एक बार लगने वाला विशाल पन्द्रह दिवसीय मेला यहां आयोजित किया जाता है।

■ शाजापुर में मां राजराजेश्वरी मंदिर में 55 वर्षों से प्रज्वलित अखंड ज्योत

# दिल्ली

# कुलपति प्रो वरखेड़ी 'गोस्वामी गिरधारी लाल - संस्कृत गौरव पुरस्कार ' से सम्मानित

**अजय कुमार मिश्रा ,संयोजक मीडिया प्रकोष्ठ, आईकेएस प्रकोष्ठ व पीआरओ ,सीएसयू,**

**दिल्ली।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी को अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन के द्वारा 'डा गोस्वामी गिरधारी लाल - संस्कृत गौरव पुरस्कार 'से सम्मानित किये जाने पर सीएसयू परिवार में प्रसन्नता है और उन्हें इस अलंकरण के लिए इसके संबंधित विविध परिसरों ,आदर्श महाविद्यालयों, शोध संस्थानों तथा संस्कृत अनुरागियों ने बधाई दी है । ध्यातव्य है कि प्रो वरखेड़ी को यह सम्मान उनके द्वारा संस्कृत ,भारतीय संस्कृति तथा शैक्षणिक योगदानों के लिए दिया गया है। प्रो मदन मोहन झा,डीन छात्र कल्याण ने कहा है कि जब किसी व्यक्ति को सम्मानित किया जाता है ,वह सम्मान मात्र व्यक्तिगत नहीं होता है ,बल्कि विद्वान जिस संस्थान से जुड़े होते हैं उसका भी सम्मान बढ़ता है । कुलपति आचार्य श्रीनिवास वरखेड़ी जी तो अपने वैदुष्य से अपनी उपस्थिति के आस पास को भी आलोकित करते हैं। इस अलंकरण के लिए कुल सचिव प्रो आर . जी . मुरली कृष्ण , निदेशक , प्रकाशन प्रो काशीनाथ न्यौपाने , परीक्षा नियंत्रक, प्रो पवन कुमार ,डा पी. एम. गुप्ता, पुस्तकालयाध्यक्ष तथा प्रो रत्नमोहन झा , निदेशक, मुक्त स्वाध्याय केन्द्र ने भी बधाई दी है और प्रो मधुकेश्वर भट , निदेशक , योजनाएं ( केन्द्रीय ) ने भी बधाई देते कहा है कि यह अलंकरण संस्कृत समवाय के लिए गौरव का क्षण है । इसके अतिरिक्त इस अवसर पर अन्य अधिकारियों तथा कर्मयोगियों (कर्मचारियों ) ने भी हार्दिक बधाई दी है। ध्यातव्य है कि भारतीय संस्कृति तथा ज्ञान के संवर्धन में संलग्न इस पुरस्कार योजना की संस्था का कार्यक्रम श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के परिसर में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में डा रमेश पोखरियाल, 'निशंक', पूर्व शिक्षा मन्त्री ,भारत सरकार तथा श्रीलाबशारासं विश्वविद्यालय, दिल्ली के पूर्व कुलपति प्रो रमेश पाण्डेय के अतिरिक्त अन्य गणमान्य अतिथियों की भी उपस्थिति रही और इस समारोह में संस्कृत के क्षेत्रों में योगदान देने के लिए संस्कृत विदुषी प्रो मीरा द्विवेदी, संस्कृत विभाग , दिल्ली विश्वविद्यालय तथा युवा विद्वान डा राम बदन पाण्डेय , श्रीएकरसानन्द आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, प्रभारी प्राचार्य,मैन पुरी , उत्तर प्रदेश को को क्रमशः डा श्रीमती शीला दीक्षित - संस्कृतश्री पुरस्कार तथा संस्कृतभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।

ध्यातव्य है कि अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन के द्वारा भारतीय संस्कृति के उत्थान में सराहनीय योगदान देने वालो को पुरस्कृत किया जाता है ।

कुलपति प्रो वरखेड़ी ने इसके चयन समिति तथा आयोजक समिति को अपने इस पुरस्कार प्रदान किये जाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया है ।

संयोजक मीडिया प्रकोष्ठ, आईकेएस प्रकोष्ठ व पीआरओ सीएसयू, दिल्ली






## सार संक्षेप

### नगरपालिका की कार्यप्रणाली को लेकर स्थानीय लोगों में रोष



शहर के कॉलेज रोड पर टूटा पड़ा नगरपालिका का डस्टबीन।

**रादौर :** नगरपालिका की ओर से जगह जगह कूड़ा कर्कट के लिए डस्टबिन रखे हुए है। परंतु नगरपालिका द्वारा साफ सफाई की ओर ध्यान न दिए जाने के कारण डस्टबिन टूटे पड़े हुए है। जिससे स्थानीय लोगों में नगरपालिका की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। स्थानीय निवासी संदीप सैनी फतेहगढ़, रामकुमार, जितेंद्र कुमार, देशराज, महिंद्र आदि ने बताया कि नगरपालिका द्वारा गंदगी के लिए हर जगह डस्टबिन रखवाये गए है। जिससे की स्थानीय लोग कूड़ा कर्कट डस्टबिन में डालकर शहर को साफ सूथरा रखने में सहायक सिद्ध हो सके। उन्होंने बताया कि नगरपालिका द्वारा रखवाये गए डस्टबिन टूट चुके है। जिसमें कचरा डालने पर कचरा बाहर आ जाता है। जिससे गंदगी फैलती है। उन्होंने नगरपालिका कर्मचारियों से अपील की कि नगरपालिका कर्मचारी टूटे पड़े डस्टबिन को बदलवाने का काम करे।

### बदमाशों ने युवक के साथ मारपीट कर छीनी कार व मोबाइल, केस दर्ज

**यमुनानगर :** जगाधरी के केवी स्टेट के नजदीक बदमाशों ने राजा साहब गली जगाधरी निवासी रविन कुमार के साथ मारपीट कर उससे बलेनो कार व मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद एक आरोपी को नामजद करते हुए एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजा साहब गली जगाधरी निवासी रविन कुमार ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शुक्रवार रात आठ बजे काम से घर लौट रहा था। जब वह केवी स्टेट के पास पहुंचा तो उसे 2 युवकों ने रोक लिया। इस दौरान आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी युवक उसकी कार व मोबाइल छीन कर वहां से भाग गए। एक युवक की पहचान नितिन के रूप में हुई। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी नितिन व एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### शादीपुर में उत्साह के साथ मतदान के लिए पहुंचे लोग



मतदान केन्द्र पर वोट देने के लिए इंतजार करती महिलाएं (रविन्द्र)

**यमुनानगर :** शादीपुर के लोग मतदान को लेकर उत्साहित रहे। सुबह से ही मतदान के लिए लोग मतदान केंद्रों पर पहुंचने लगे। मतदान केंद्र के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। शादीपुर निवासी सरदार पीपी सिंह, भूपेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह, युसूफ खान ने बताया कि मतदान कर अपने आप को भारत का संपूर्ण नागरिक होने का गर्व महसूस हो रहा है। वोट देकर भारत के विकास में सहभागिता प्रदान की है। उनका कहना था कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सभी मतदाताओं को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। हमारा वोट बहुमूल्य है। इसके इस्तेमाल से सही और योग्य प्रत्याशी का चयन होता है। मतदाता की वोट की ताकत से पांच साल का भविष्य तय होता है। मतदाता ही लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं। मतदान से ही हमें अधिकारों का सही बोध होता है। उन्होंने कहा कि सही नेता चुनने के लिए हमारे पास मतदान ही एक तरीका होता है। वोट देने आये 85 वर्षीय सुभाष ने बताया कि उन्होंने मतदान में हमेशा अपने मत की आहुति दी है। विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने जिम्मेदारी निभाई। पहले मतदान किया,उसके बाद जलपान किया। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लाईन लगी रही। मतदाताओं को मत डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। पुलिस ने व्यवस्था संभाले रखी। लाईन में लगकर ही मतदाताओं ने मत का प्रयोग किया।

### चोरों ने फैक्टरी का ताला तोड़कर चुराया डेढ़ लाख रुपए का पीतल

**यमुनानगर :** शहर के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फैक्ट्री में घुसकर चोरों ने दो किवंटल 80 किलो ब्रास चोरी कर ली, जिसकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्लोब प्लाईवुड यमुनानगर निवासी हरप्रीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी इंडस्ट्रियल एरिया में फैक्ट्री है। रात को वह फैक्ट्री से काम खत्म करके घर आ गया था। सुबह जब वह फैक्ट्री में पहुंचा तो उसे वहां से सामान गायब मिला। जांच करने पर फैक्ट्री से दो क्विंटल 80 किलो ब्रास गायब मिले। उसने बताया कि चोरी हुई ब्रास की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नीलोखेड़ी में शांतिपूर्वक मतदान



गांव सीतामाई में मतदान केंद्र के बाहर मतदाताओं की लगी लंबी कतार।

**नीलोखेड़ी :** मतदान दिवस पर कोयर, माजरा रोडान, सीतामाई, मोहड़ी जागीर, बोहला खालसा, घोलपुरा, सांवत, जाम्बा, भुखापुरी, बुढेडा, हैबतपुर, बीर बडालवा में मतदान केंद्रों पर लोगों का अच्छा खासा उत्साह देखा गया। जाम्बा के पूर्व सरपंच एवम्-चेयरमैन बाबा हरिदास श्रीकृष्ण गोपाल गऊशाला बोहला खालसा चौधरी कर्म सिंह जाम्बा ने कहा कि मतदान हमारा कर्तव्य है इसलिए प्रत्येक नागरिक को जिम्मेदारी समझकर वोट करना भी चाहिए। क्योंकि हम पांच साल के लिए अपनी सरकार चुनने जा रहे है।मेरे गांव में मतदान बहुत ही शांति प्रिय रहा। इस पर्व को सफल बनाने के लिए सभी को जागरूक भी किया गया। प्रत्येक वोट को घर से लेकर गिरवाने का कार्य किया।पूर्व चेयरमैन जिला परिषद प्रतिनिधि करनाल व कांग्रेस नेता संजय मैहला ने अपने परिवार सहित माजरा रोडान में जाकर मतदान किया। पूर्व सरपंच धर्म सिंह मैहला,पूर्व सरपंच राजपाल सीतामाई,माजरा रोड़ान सरपंच शक्ति मैहला, बोहली सरपंच प्रतिनिधि पंकज गुर्जर, बोहला सरपंच नवाब गुर्जर,मोहड़ी जागीर सरपंच कर्मवीर,सांवत सरपंच प्रतिनिधि शेर सिंह व जिला पार्षद सुरेंद्र कंबोज आदि ने अपने अपने गांव में अधिक से अधिक मतदान करवाने का प्रयास किया।कोयर में समाजसेवी विपिन शर्मा ने कहा कि हमारे गांव में मतदाताओं में बहुत उत्साह देखने को मिला। 6 बजे से मतदाता लाइन में लग गए।और यह सिलसिला लगातार जारी रहा।सभी पार्टियों के समर्थक एक जगह बैठे हुए नजर आए।जो कि भाईचारे के बहुत अच्छे संकेत थे।

## हम यह लगातार सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रत्येक बच्चे को उनके प्रारंभिक वर्षों के दौरान उचित देखभाल, पोषण और शिक्षा मिले - श्री कैलाश गहलोत





**नयी दिल्ली, 7 अक्टूबर 2024**

दिल्ली के महिला एवं बाल विकास मंत्री श्री कैलाश गहलोत ने एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस), जिसे पहले सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण के नाम से जाना जाता था, के तहत प्रदान की जाने वाली सेवाओं की समीक्षा करने के लिए आज कुसुमपुर पहाड़ी क्षेत्र में आंगनवाड़ी केंद्रों का दौरा किया। श्री कैलाश गहलोत ने निरीक्षण के दौरान टेक होम राशन (टीएचआर), गर्म पका हुआ भोजन (एचसीएम), और प्रारंभिक बाल्यवस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) गतिविधियों की गुणवत्ता का आकलन किया। एक बयान में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्री कैलाश गहलोत ने कहा, "बच्चों का स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा सुनिश्चित करना उनके समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है । मुझे खुशी है कि हमारी समर्पित आंगनवाड़ी वर्कर्स लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर रही हैं। हम यह लगातार सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रत्येक बच्चे को उनके प्रारंभिक वर्षों के दौरान उचित देखभाल, पोषण और शिक्षा मिले। सेवाओं की समीक्षा के अलावा, श्री कैलाश गहलोत ने लाभार्थियों की प्रभावी निगरानी और ट्रैकिंग सुनिश्चित करने के लिए पोषण ट्रैकर ऐप के उपयोग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों पर अभिलेखों के रखरखाव की भी जांच की। लाभार्थियों की जरूरतों और चुनौतियों को बेहतर तरीके से समझने के लिए, श्री कैलाश गहलोत लाभार्थियों के घर भी गए और उनसे बातचीत की। इस दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के साथ उनके अनुभवों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ के दौरान चलाई जाएंगी

### रेलवे पुजा स्पेशल यात्रियों के लिए 6556 स्पेशल ट्रेनें चला रही है

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल हमेशा ही अपने यात्रियों का विशेष ध्यान रखता है। तभी तो भारतीय रेल अपने सेवाओं के लिए विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है।इस दुर्गा पूजा,दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 6556 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा।रेलवे अधिकारी के मुताबिक हर साल त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है।गौरतलब रहे कि दुर्गा पूजा,दिवाली और छठ पर्वों के दौरान लाखों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। यात्रियों की भारी भीड़ को सुगम एवं आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी विशेष ट्रेनों का संचालन करने की तैयारी की गई है। दो महीने की अवधि के दौरान ये स्पेशल ट्रेनें 6556 फेरे लगाएंगी और बड़ी तादाद में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करेंगी।पिछले वर्ष भी भारतीय रेल द्वारा बड़ी संख्या में त्योहार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया था और इन ट्रेनों ने कुल 4,429 फेरे लगाए थे, जिनके माध्यम से लाखों की संख्या में यात्रियों को आरामदायक यात्रा की सुविधा प्राप्त हुई थी।सर्वविदित रहे कि हर साल दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर देश भर से बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर प्रस्थान करते हैं।उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए ये त्योहार न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि परिवारों से मिलने का भी एक अहम अवसर होते हैं। हर साल त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ की वजह से अधिकांश ट्रेनों में दो-तीन महीने पहले से ही टिकट वेटिंग लिस्ट में चली जाती हैं। इसी को देखते हुए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी त्योहारों के अवसर पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।



| | | Summary of Notified Puja/Diwali/Chhath Special -2023 (01.10.23 TO 30.11.23) | | Summary of Planned Puja/Diwali/Chhath Special -2024 (01.10.24 TO 30.11.24) as on 0[illegible].10.2024 at 18.00 Hrs. | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.NO. | RLY. | NO. OF SPL. TRAIN NOTIFIED-2023 | NO. OF SPL. TRAIN TRIPS NOTIFIEDED-2023 | NO. OF SPL. TRAIN PROPOSED-2024 | NO. OF SPL. TRAIN TRIPS PROPOSED-2024 | NO. OF SPL. TRAIN NOTIFIED-2024 | NO. OF SPL. TRAIN TRIPS NOTIFIED-2024 |
| 1 | CR | 50 | 275 | 68 | 406 | 64 | 504 |
| 2 | ECOR | 4 | 6 | 40 | 474 | 26 | 354 |
| 3 | ECR | 99 | 818 | 51 | 1311 | 48 | 680 |
| 4 | ER | 33 | 113 | 44 | 454 | 44 | 426 |
| 5 | NCR | 19 | 135 | 18 | 180 | 18 | 156 |
| 6 | NER | 44 | 240 | 32 | 314 | 30 | 298 |
| 7 | NFR | 16 | 120 | 28 | 254 | 26 | 238 |
| 8 | NR | 130 | 562 | 58 | 588 | 66 | 827 |
| 9 | NWR | 20 | 64 | 40 | 384 | 46 | 696 |
| 10 | SCR | 104 | 600 | 123 | 830 | 88 | 740 |
| 11 | SER | 26 | 132 | 16 | 112 | 8 | 52 |
| 12 | SECR | 3 | 3 | 8 | 14 | 6 | 12 |
| 13 | SR | 49 | 130 | 34 | 302 | 32 | 284 |
| 14 | SWR | 70 | 96 | 30 | 108 | 24 | 56 |
| 15 | WCR | 6 | 22 | 6 | 40 | 6 | 40 |
| 16 | WR | 65 | 1113 | 88 | 1416 | 100 | 1193 |
| 17 | KRCL | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | 738 | 4429 | 684 | 7187 | 632 | 6556 |

## लव कुश रामलीला में केवट बने फेमस सिंगर शंकर साहनी ने मधुर, मनमोहक अंदाज में गाया चीटी के घर आज भगवान आ गये है।



**दिल्ली।** देश-विदेश में ख्याति प्राप्त लव कुश रामलीला कमेटी, लालकिला मैदान दिल्ली के अध्यक्ष श्री अर्जुन कुमार ने बताया कि लीला मंच पर बालिवुड स्टार, सिंगर शंकर साहनी ने आज केवट का अभिनय करते हुए श्रीराम को नईया पार करवाते हुए अपना लिखा भजन गाया चीटी के घर आज भगवान आ गये है, मेरी छोटी सी नईया में श्रीराम आ गये है, ऐसे मधुर, मनमोहक अंदाज में गाया लीला ग्राउण्ड में बैठे रामभक्तों ने जम कर तालियां बजाई और जयश्रीराम जयश्रीराम का उद्घोष किया गया। इस साल की सुपरहित हॉरर कमेडी फिल्म मुंजया के स्टार अमित वर्मा लीला मंचन आये प्रभु श्रीराम की पूजा अर्चना की आशीर्वाद लिया। लीला के अध्यक्ष अर्जुन कुमार के अनुसार आज गंगा तट पर केवट द्वारा चरण धोकर नाव में बिठाना, दशरथ मरण, अयोध्या नगरी में भरत-शत्रुघन का ननिहाल से वापस आना, भरत कैकयी सवांद, भरत द्वारा कौशल्या भवन में माता से क्षमा याचना, वशिष्ठ जी का भरत को समझना व भरत का राम से मिलने चित्रकुट जाने की हठ, चित्रकुट में राम-भरत मिलाप व चरण पादुका लेकर लौटने तक की लीला का मंचन हुआ लीला पश्चात कमेटी के महासचिव सुभाष गोयल, चैयरमैन पवन गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यभूषण जैन, सौरव गुप्ता, संदीप भूटानी, कोषाध्यक्ष अंकुर गोयल, लीला मंत्री प्रवीण सिंहल आदि सभी पदाधिकारियों ने आये हुए सभी अतिथियों का सम्मान किया और प्रभु श्रीराम की आरती एवं चरण वंदना के साथ लीला सम्पन्न हुई।

## एचसीएस एवं ब्लाक एजुकेशन आफिस जगाधरी ने किया विशेष थीम बेस्ड पोलिंग स्टेशनों का निरीक्षण

यमुनानगर, अक्तूबर : आशीष पठानिया एचसीएस एवं के.एस.संधावा ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर जगाधरी के द्वारा जिले की चारों विधानसभाओं में निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए विशेष थीम बेस्ड पोलिंग स्टेशंस का निरीक्षण किया गया। विधानसभा यमुनानगर में पिंक बूथ राजकीय माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर में बनाया गया, यहां पर जो व्यवस्थाएं या प्रबंध किए गए उनका निरीक्षण किया गया। इस बूथ पर पोलिंग स्टाफ फीमेल कर्मचारी अप्वॉइंट किए गए और इस बूथ की पिंक थीम में बेहतरीन तरीके से सजावट, साज-सजा की गई। राजकीय उच्च विद्यालय गोविंदपुरी में फिजिकली चैलेंज्ड थीम बेस पोलिंग स्टेशन स्थापित किया गया। इस बूथ पर पोलिंग पार्टी के सभी सदस्य फिजिकल स्पेशल नीड से संबंधित अप्वॉइंट किए गए। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सब्जी मंडी यमुनानगर में यूथ बूथ स्थापित किया गया। यहां पर पोलिंग पार्टी के सभी सदस्य यूथ नियुक्त किए गए। इसी तरह राजकीय प्राथमिक पाठशाला मॉडल टाऊन में मॉडल पोलिंग स्टेशन स्थापित किया गया। इन सभी पोलिंग स्टेशन की विजिट करते समय आशीष पठानिया ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा यह विशेष पहल है, जिसके माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है कि लोकतंत्र के पर्व में सभी की समान भागीदारी है और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर के. एस. संधावा ने बताया कि स्पेशल थीम बेस पुलिंग स्टेशन स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित करना है और यह सुनिश्चित करना भी है कि लोकतंत्र के पर्व में सभी समान रूप से अपना सहयोग कर सकें।

## यमुनानगर जिले में 73.9 प्रतिशत मतदान



मतदान केन्द्रों का दौरा करते उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक

- कुल 669957 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया, सबसे अधिक मतदान
- सबसे ज्यादा मतदान साढौरा विधानसभा क्षेत्र में पड़ा, जहां 172994 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया


यमुनानगर, अक्तूबर : विधानसभा चुनाव में लोगों ने जम कर मतदान किया। सुबह के समय सात बजे वोट डलनी शुरू हुई तो दो घंटे में ही यमुनानगर में 12.78 प्रतिशत, साढौरा में 8.20 प्रतिशत, रादौर में 7.50 प्रतिशत, जगाधरी में 8.20 प्रतिशत वोटिंग हुई। उसके बाद लगातार लोग मतदान करने मतदान केन्द्रों में आते रहे। 11 बजे तक जगाधरी में 24.60 प्रतिशत, रादौर में 25.90 प्रतिशत, साढौरा में 26 प्रतिशत व यमुनानगर में 25.80 प्रतिशत वोटिंग हुई। उसके बाद पांच बजे तक जगाधरी में 73.90 प्रतिशत, रादौर में 62.30 प्रतिशत, साढौरा में 70.30 प्रतिशत व यमुनानगर में 64.88 प्रतिशत मतदान हुआ। जिले में पांच बजे तक 67.93 प्रतिशत मतदान हुआ। उसके बाद भी लोगों की लाईनें मतदान केन्द्रों पर लगी रही। वहीं मौके पर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक लगातार दौरा करते रहे। लोकसभा चुनाव में जिन लोगों ने चुनाव का बहिष्कार किया था, इस बार वहां पर भी भारी वोटिंग हुई और लोगों ने मतदान किया। चुनाव के अंतिम समय में जगाधरी से कुल 182173 वोटें पड़ी, जो 77.9 प्रतिशत रही। इसी प्रकार रादौर में कुल वोटें 152216 पड़ी, जो लगभग 72.9 प्रतिशत रही। इसी प्रकार साढौरा में 172994 वोटें पड़ी, जो 78.4 प्रतिशत रही। वहीं यमुनानगर में 162574 वोटें पड़ी, जो 66.9 प्रतिशत रही। कुल मिलाकर यमुनानगर में वोटों का आंकड़ा 669957 रहा और पूरे यमुनानगर जिला में 73.9 प्रतिशत मतदान पड़ा।

### मतदान केन्द्र पर फर्जी वोट पर हंगामा

विधानसभा चुनाव के दौरान बूडि?ा थाना क्षेत्र के गांव जयरामपुर में वोट डालने आए अलग-अलग पार्टी के समर्थकों में झगड़ा हो गया और गाली गलौज भी हुई। आरोप है कि समर्थकों ने एक दूसरे के साथ मारपीट की। उसके सिर पर पीछे से वार कर घायल कर दिया। एक व्यक्ति को अस्पताल में दाखिल कराया गया। वहीं लोगों का कहना था कि झगड़ा शराब पीकर आये युवक को लेकर हुआ था, जिसको लेकर आपसी बहस हो गई। वहीं बूडि?ा थाना प्रभारी जसबीर सिंह का कहना है कि शिकायत मिल गई है। जांच की जा रही है। जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में छोटी लाइन स्थित राजकीय स्कूल में फर्जी वोट डालने को लेकर हंगामा हो गया। एक युवक वोट डालने पहुंचा, जिसे वहां पर अन्य पार्टियों के एजेंटों ने पहचान लिया। आरोप लगाया गया कि फर्जी वोटिंग की जा रही है। काफी हंगामा हुआ,जिसके बाद पुलिस पहुंची और युवक को हिरासत में ले लिया। मौके पर डीएसपी राजीव मिगलानी पहुंचे और उन्होंने मामला शांत कराया। आरोपित युवक को सेक्टर 17 पुलिस के हवाले किया गया है।

## रादौर विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान

- सभी मतदान केन्द्रों पर लोगों की लगी रही भीड़







रादौर में मतदान करने पहुंचे भाजपा प्रत्याशी श्याम सिंह राणा, गांव मंधार मे मतदान करने पहुंचे पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज व लाईनो में लगी महिला मतदाता

रादौर, अक्तूबर : विधानसभा चुनाव के लिए रादौर विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहा। मतदान शुरू होते ही मतदान केंद्रों पर लाईने लगनी शुरू हो गई थी तो दोपहर को कुछ कम रही, लेकिन दोपहर बाद फिर मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लाईने लगनी शुरू हो गई थी। मतदान को लेकर शहरी व ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। रादौर के खादर क्षेत्र के अनेक मतदान केन्द्रों पर महिलाएं घूंघट की ओट में मतदान करने के लिए पहुंची। मतदान को लेकर पुरुषों के साथ साथ महिलाओं में भारी उत्साह देखा गया। मतदान शुरू होते ही सभी मतदान केंद्रों पर लोगों का मतदान करने के लिए तांता लगना शुरू हो गया था। मतदान शुरू होते ही कई गांव व शहरों के मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लंबी लंबी कतारें लगी नजर आई। गांव बुबका में व्हील चेयर पर आए दिव्यांग ईश्वर सिंह व गांव खुर्दबन के नरेश सैनी ने बताया कि यह लोकतंत्र का पर्व है। लोकतंत्र के इस पर्व में सभी को मतदान करना चाहिए। ईश्वर सिंह को उसका बेटा व्हील चेयर पर लेकर मतदान केन्द्र तक आया। भाजपा प्रत्याशी श्याम सिंह राणा ने शनिवार की सुबह मतदान शुरू होने से पहले कुरूक्षेत्र शाक्तिपीठ मां भद्रकाली के मंदिर में मत्था टेका और चुनाव में जीत की मंगल कामना की। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी श्याम सिंह राणा ने रादौर में पहुंचकर नगरपालिका में बने मतदान केन्द्र मे जाकर अपना मतदान किया। मतदान के बाद भाजपा प्रत्याशी श्याम सिंह राणा ने जीत का दावा करते हुए कहा कि प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बन रही है। कांग्रेस प्रत्याशी बिशन लाल सैनी ने अपने पैतृक गांव सारन में जाकर मतदान किया और कहा कि रादौर हल्के में कांग्रेस के पक्ष में माहौल है और जनता बदलाव के लिए मतदान कर रही है। उन्होंने दावा किया प्रदेश में भाजपा जा रही है और कांग्रेस आ रही है। कांग्रेसी नेता पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज ने अपने गांव मंधार में बने मतदान केंद्र पर मतदान किया। भाजपा, कांग्रेस के समर्थकों में चुनाव को लेकर भारी उत्साह देखा गया। रादौर विधानसभा के सभी 235 मतदान केन्द्रो पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहा। कहीं से किसी अप्रिय घटना का समाचान नहीं मिला। रादौर विधानसभा क्षेत्र में 9 बजे 7.50 प्रतिशत मतदान तथा 11 बजे 25.90 प्रतिशत , दोपहर 1 बजे 41.50 प्रतिशत तथा 3 बजे तक 52.50 प्रतिशत मतदान हुआ। गांव बापौली में 4 बजे तक कुल 836 में से 570 वोट डाली जा चुकी थी। मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से व्यापक प्रबंध किए गए है। मतदान शुरू होते ही सुबह गांव बैंडी के मतदान केन्द्र में मतदान वोटिंग मशीन में तकनीकी खराबी आने के कारण लगभग आधा घंटा देरी से मतदान शुरू हुआ। मशीन को ठीक कर मतदान शुरू करवाया गया।

CMYK

## छात्रा का अपहरण कर चेहरे पर डाला तेजाब, हालत गंभीर, मेरठ रेफर, पुलिस जांच में जुटी

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर/ रहरा।** सोमवार को रहरा थाना क्षेत्र के गांव में 14 वर्षीय छात्रा का दो युवकों ने घर के दरवाजे से अपहरण कर जंगल में ले जाकर तेजाब डाल दिया जिससे छात्रा बुरी तरह झूलस गई, परिजनों ने सीएससी में भर्ती कराया एवं पुलिस को तहरीर दी, बताते चलें कि पूरा मामला रहरा थाना क्षेत्र के गांव पथरा मुक्तकम का है जहां पर प्रकाश की 14 वर्षीय बेटी गांव के ही एक स्कूल में कक्षा 8 की छात्रा है, छात्र के भाई यशवीर ने बताया कि सोमवार की सुबह दो युवक उनके दरवाजे पर आए और दरवाजा खोलने के लिए आबाज दी जिस पर यशवीर की बहन ने दरवाजा खोल दिया, आरोप है कि दोनों युवक छात्रा को अपहरण कर हैदरपुर के कीकर के जंगल में ले गए और चेहरे पर तेजाब डाल दिया, गंभीर हालत में युवती जैसे तैसे घर पहुंची और परिजनों को आप बीती सुनाई इसके बाद परिजन द्वारा तेजाब से झूलसी छात्रा को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया, परिजनों द्वारा घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है, इस संबंध में रहरा थाना अध्यक्ष अलका चौधरी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है मामला संज्ञान में है तथा जांच पड़ताल की जा रही है जांच पड़ताल के बाद अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## हसनपुर क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक, बछिया को बनाया निशाना

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव पतेई खादर में गांव निवासी गिरीश चंद्र के पब्लिक स्कूल के पास ही उनका मकान बना हुआ है, रविवार की देर रात वह स्कूल परिसर में सोए हुए थे तथा वहां किसी समय तेंदुआ आ गया और परिसर में बंधी बछिया को अपना शिकार बना लिया, गिरीश चंद्र ने बताया कि तेंदुए ने उन पर भी हमला किया लेकिन उन्होंने कमरे में बंद होकर अपनी जान बचाई, सुबह होते ही बछिया के शिकार की खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई लोगों में तेंदुए के आने से खौफ व्याप्त हो गया, वन विभाग की टीम को



सूचना दी गई दरोगा पलट राम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लिया, इस संबंध में वन रेंजर नरेश कुमार ने बताया कि वन विभाग की टीम मौके पर गई थी तेंदुए के पंजे के निशान नहीं मिले हैं यदि ग्रामीण द्वारा तेंदुआ होने की शिकायत मिलती है तो पिंजरा लगाकर तेंदुलकर पकड़वाया जाएगा, बता दे की क्षेत्र में तेंदुए के आने से लोगों में दहशत का माहौल है, लोग अपने जानवरों व बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता में हैं, उधर वन विभाग की लगतार क्षेत्र में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दे रहे है।

## शासन के निर्देश पर खाद्य विभाग ने की पनीर फैक्ट्री पर छापेमारी

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** सोमवार को खाद्य विभाग द्वारा कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कला स्थित कलुआ पुत्र उदल सिंह की पनीर की फैक्ट्री पर छापेमारी की, इस दौरान टीम को मौके पर पनीर नहीं मिला तो टीम ने दूध का ही सैंपल भर लिया और लैब टैस्ट के लिए ले गए, इस दौरान गांव में हड़कंप का माहौल रहा, वही हसनपुर में भी खाद्य विभाग की छापामारी की खबर से खाद्य पदार्थ विक्रेता बेचैन नजर आए तथा एक दूसरे से खाद्य विभाग टीम की लोकेशन पूछते रहे, इस संबंध मे खाद्य विभाग के अधिकारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर नवरात्रों व आगामी त्यौहारों को देखते हुए मिलावट करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है उन्होंने बताया कि मिलावट करने वालों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा, बता ते चले कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर खाद्य पदार्थों में मिलावट की जा रही है जिसमें सरसों का तेल, बेसन, मिठाई, नमकीन, मसाले तथा आटे आदि में भारी मात्रा में मिलावट की जा रही है और लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, अब देखना यह है कि क्या खाद्य विभाग पनीर की फैक्ट्री पर छापा मार कर दूध का सैंपल भरने मात्र से ही अपने कार्य की इति श्री कर लेगा या अन्य खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर भी शासन का हंटर चलाएगा।

## मृतक शिक्षक के परिजनों को एक करोड रुपए का मुआवजा वह सरकारी नौकरी दी जाए= कृष्ण कुमार शर्मा



**हसनपुर।** सोमवार को तहसील क्षेत्र के गांव भदौरा में राष्ट्र सेवी संगठन की बैठक का आयोजन समरपाल सिंह के आवास पर किया गया। जिसमें राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि गजरौला ब्लॉक के सरकारी विद्यायल सुल्तानठेर के इंचार्ज अध्यापक संजीव कुमार द्वारा कुछ शिक्षकों व विभागीय अधिकारियों के उत्पीड़न से परेशान होकर आत्महत्या का कदम उठाया था, यह बहुत ही निंदनीय है। मृतक शिक्षक ने मौत से पहले सुसाइड नोट छोड़ा जिसमें उन्होंने अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराने वाले आरोपियों के नाम भी उजाकर किए हैं। मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए उनकी गिरफ्तारी शीघ्र की जानी चाहिए। दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। ताकि ऐसी घटना की पुनरावृति ना हो। यह घटना शिक्षा के मंदिर में हुई है, जो अति सोचनीय है। इस प्रकरण में की जा रही कार्यवाही में भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। इसमें जांच और कार्यवाही के नाम पर अधिकारियों द्वारा सुस्त रवैया अपनाया जा रहा है। जो पीड़ित परिवार के लिए सही नहीं है। उपस्थित स्वामी हरमनोज दास महाराज ने कहा कि मृतक के परिवारजनों को एक करोड़ मुआवजा और परिवार के एक व्य?क्ति को सरकारी नौकरी दी जाए। इस अवसर पर समर पाल सिंह, खिलेंद्र सिंह, भोले सिंह, लोकेश कुमार, नरेंद्र सिंह, संतराम सिंह, राजपाल सिंह, जयवीर सिंह, आदि उपस्थित रहे।

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गायों की हत्या व मांसकी की जा रही है बड़े पैमाने पर तस्करी, मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**अमरोहा।** सोमवार को राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ मुस्लिम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सलीम खान द्वारा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम एक शिकायती पत्र भेजा गया जिसमें उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जिसमें खासकर अमरोहा, संभल, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, बुलंदशहर, बिजनौर आदि क्षेत्रों में अधिकारियों की मिली भगत से गोकशी को अंजाम दिया जा रहा है, पत्र में उन्होंने बताया कि जिन लोगों पर गोकशी के मुकदमे दर्ज हैं वही लोग जमानत पर आकर जमकर गोकशी कर रहे हैं, प्रदेश अध्यक्ष ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जिन लोगों पर गोकशी के 10-10 मुकदमे दर्ज हैं वह लोग बेखौफ होकर इस कार्य को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे हैं, उन्होंने



मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा है कि गोकशी करने वालों पर सख्त से सख्त कानून बनाकर गौ हत्या पर रोक लगाई जाना जनहित में आवश्यक है, ऐसे लोगों के खिलाफ रासुका के तहत कार्यवाही की जानी चाहिए वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध करते हुए कहा है कि जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए जाएं, मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र की एक-एक प्रति उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एवं समस्त जिलाधिकारीयो को, समस्त पुलिस अधीक्षकों को, डीजीपी लखनऊ को भेज कर गो हत्या एवं उनके मीट की तस्करी करने वाले अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## पल्स,सहारा आदि जैसी अन्य ठग कंपनियों से जल्द भुगतान व ऐजेंटों की सुरक्षा को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**अमरोह।** सोमवार को अनिश्चितकालीन असहयोग सत्याग्रह आन्दोलन के तहत जिला अमरोहा के ठगी पीड़ितो ने अपर पुलिस अधीक्षक व डी एम कार्यालय पर अपनी तीन जायज मांगों को लेकर ज्ञापन दिया जिसमें प्रमुख मांगे निम्न प्रकार रही

1 - सरकार द्वारा बनाए गए अनियमित जमा पाबंदी कानून 2019 के कंपनी संचालकों एम डी व ठगो की चल अचल संपत्ति निलाम कर बड्स एक्ट कानून के तहत 180 कार्य दिवस में निवेशकों का भुगतान किया जाए

2- निर्दोष अभिकर्ता ऐजेंटों पर झूठे मुकदमे दर्ज न हो क्योंकि अभिकर्ता ऐजेंटों की भी जमा पूंजी इन ठग कंपनियों में जमा है अभिकताओं सुरक्षा सम्मान रोजगार सरकार प्रदान करें

3- नये अधिनियम 2023 के तहत धारा 111 के तहत कंपनी संचालकों को मृत्यु दंड दिया जाए जिससे भारत देश को ठग मुक्त भारत देश घोषित किया जाए, आदि की मांग की गई। जिसमें सैकड़ों ठगी पीड़ित जमा करता परिवार संगठन के लोगों ने भाग लिया, इस मौके पर मुख्य रूप से मनोज कुमार प्रदेश सचिव तप जप संगठन, डा मुन्ना प्रदेश सचिव, शशि चौहान ,डा वीर सिंह ,डा हनीफ जिला अध्यक्ष, चन्द्र पाल सिंह, रामगोपाल , वेदपाल आर्य , रामचन्द्र, कमलेश देवी, कुंवरपाल सिंह,मा सतपाल ,अमर सिंह,थान सिंह आदि सहित सैकड़ो ठगी पीड़ित जमा करता परिवार के लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने काशी के विकास कार्यों का लिया जायजा




**वाराणसी, 7 अक्टूबरः** योगी सरकार वाराणसी में अनेक विकास कार्य करा रही है। इसी के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिगरा स्थित डॉ संपूणार्नंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में कराये जा रहे स्टेडियम के नवीनीकरण कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही मैदागिन स्थित टाउन हॉल मैदान में निमार्णाधीन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के विकास परियोजना और ककरमत्ता फ्लाईओवर के नीचे नगर निगम द्वारा बनवाए जा रहे स्पोर्ट्स फिटनेस जोन विकास परियोजना का भी स्थलीय निरीक्षण किया।

**खिलाड़ियों के लिए बड़ी सौगात है यह स्टेडियम**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सिगरा स्थित डॉ संपूणार्नंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में कराये जा रहे स्टेडियम के नवीनीकरण कार्य का निरीक्षण किया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीएम ने कराये गये एक-एक कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। मौके पर मौजूद खेल विभाग के अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के अभियंताओं को शेष कार्यों को युद्ध स्तर पर अभियान चला कर गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देशित किया। सीएम ने मेंटेनेंस आदि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के खिलाड़ियों के लिए यह बहुत बड़ी सौगात है।

## 'अहिंसा परमो धर्मः' तो 'धर्म हिंसा तथैव चः' की भी बात करता है हिंदू धर्मः सीएम योगी





**›› हिंदू धर्म के देवताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करता है एक तबका**

सीएम योगी ने कहा कि एक तबका हिंदू धर्म के देवताओं के खिलाफ अपमान जनक टिप्पणी, महापुरुषों को अपमानित व मूर्तियों को खंडित करना जन्मसिद्ध अधिकार समझ लेता है। यदि किसी के द्वारा विद्वेष में कोई शब्द कहे जाते हैं तो उसे लेकर जमीन-आसमान एक करने का कुत्सित प्रयास होता है। सीएम ने आगाह किया कि कानून को हाथ में लेने का दुस्साहस न करें। ऐसा करने वालों को कानून की गिरफ्त में आना ही होगा। अराजकता को बढ़ावा देने वाले से कानून सख्ती से पेश आएगा। सीएम योगी ने कहा कि हर मत, पंथ व संप्रदाय की आस्था का सम्मान है, लेकिन कानून को हाथ में लाने की स्वतंत्रता नहीं होगी। बाधा डालने वाले कीमत चुकानी पड़ेगी।

**वाराणसी, 7 अक्टूबरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हिंदू धर्म किसी का अंत नहीं चाहता। वह 'अहिंसा परमो धर्मः' की बात कहता है, लेकिन वह 'धर्म हिंसा तथैव च...' की भी बात करता है यानी अहिंसा परम धर्म है, लेकिन राष्ट्र-धर्म की रक्षा और निदोर्षों को बचाने के लिए हिंसा करनी पड़े तो यह धर्मसम्मत मान्य है। यह आह्वान भारत का शास्त्र करता है। स्वामी प्रणवानंद ने भारत सेवाश्रम संघ की स्थापना के समय भी यही आह्वान किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भारत सेवाश्रम संघ सिगरा में श्री श्री दुर्गा पूजा समारोह में शामिल हुए। सीएम ने यहां मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की और महिलाओं को 100 सिलाई मशीन का भी वितरण किया। सीएम ने सभी आगंतुकों, अतिथियों व आमजन को शारदीय नवरात्रि की शुभकामना दी।

**हम राष्ट्र की सुरक्षा व संप्रभुता के पक्षधर**

सीएम योगी ने कहा कि 'अहिंसा परमो धर्मः' का पक्ष कहता है कि हम सेवा के कार्य से जुड़ें। दीन-दुखियों की सेवा के लिए जीवन समर्पित करें, लेकिन एकता-अखंडता को कोई चुनौती देगा और सीमाओं का अतिक्रमण करेगा तो राष्ट्र की सुरक्षा-संप्रभुता, देश की रक्षा के लिए धर्म सम्मत हिंसा के पक्षधर भी हैं, जो जनता को सुरक्षा प्रदान कर सके और भारत को एक भारत-श्रेष्ठ भारत रख सके।

**विरोध का मतलब तोड़फोड़ या लूटपाट नहीं**

सीएम योगी ने कहा कि हर लोककल्याण के लिए हर जाति, मत, मजहब से जुड़े महापुरुषों का सम्मान होना चाहिए। कोई व्यक्ति किसी महापुरुष, योगी-सन्यासी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करता है तो वह दंड का भागी बनता है, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन विरोध का मतलब तोड़फोड़ या लूटपाट नहीं है। यह कतई स्वीकार नहीं हो सकता।

## जेवर एयरपोर्ट पर एक्सपोर्ट हब स्थापित करेगी योगी सरकार, कृषि उत्पादों के निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

**लखनऊ, 7 अक्टूबरः** योगी सरकार प्रदेश के किसानों की आय, कृषि उत्पादकता एवं कृषि से जुड़े उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए यूपी एग्रीज परियोजना के तहत जेवर एयरपोर्ट के पास एक्सपोर्ट हब की स्थापना करने जा रही है। इसे विश्व बैंक की मदद से धरातल पर उतारा जाएगा। इसके अलावा विश्व स्तर पर 2 से 3 उपज का बड़े पैमाने पर निर्यात करने के लिए कृषि एसईजेड (स्पेशल इकॉनमिक जोन) की स्थापना की जाएगी। साथ ही, 2 से 3 विश्व स्तरीय हैचरी भी स्थापित की जाएगी। सीएम योगी ने यूपी एग्रीज योजना के तहत किसानों को कृषि क्षेत्र में ऋण को बढ़ावा देने के लिए व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिये हैं। योगी सरकार का यह प्रयास प्रदेश के कृषि सेक्टर को पूरे देश का पावर हाउस बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**›› हाई वैल्यू कृषि उत्पादों के एक्सपोर्ट के लिए जेवर एयरपोर्ट के पास बनेगा एक्सपोर्ट हब**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के एग्रीकल्चर सेक्टर की तस्वीर बदलने एवं कृषि उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए हाल ही में उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर ग्रोथ एंड रूरल इंटरप्राइजेज इकोसिस्टम स्ट्रेंथनिंग (यूपी एग्रीज) परियोजना को हरी झंडी दी है। इसके तहत कृषि उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए जेवर एयरपोर्ट के पास एक्सपोर्ट हब की स्थापना की जाएगी। इसके जरिये, हाई वैल्यू कृषि उत्पाद जैसे मूंगफली, सब्जी, काला नमक चावल, तिल आदि को विदेशों में एक्सपोर्ट किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मीट, बासमती चावल, फल-सब्जियां व खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर से जुड़े विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट उत्तर प्रदेश बड़े स्तर पर करता है। ऐसे में, कृषि उत्पादों के जरिये एक्सपोर्ट की प्रक्रिया को बढ़ाया जाएगा। इसके लिए यहां 30,750 क्लस्टर फार्मर्स ग्रुप को विकसित किया जाएगा। वहीं, एक्सपोटर्स के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना की जाएगी।



**›› कृषि उत्पादों के लिए स्थापित किये जाएंगे स्पेशल इकोनॉमी जोन**

यूपी एग्रीज परियोजना के तहत प्रदेश के कृषि उत्पाद की 2 से 3 उपज को बड़े पैमाने पर निर्यात करने के लिए कृषि (स्पेशल इकोनॉमी जोन) एसईजेड की स्थापना की जाएगी, जो फॉरवर्ड लिंकेज और निर्यात बाजारों के बड़े हिस्से पर कब्जा करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। इन्हें प्रदेश के 11 जिलों में विकसित किया जाएगा। इनमें काला नमक चावल के लिए सिद्धार्थनगर और गोरखपुर में एसईजेड की स्थापना की जाएगी। वहीं मूंगफली के लिए झांसी, उरद के लिए ललितपुर, सब्जियों के लिए जौनपुर, भदोही, बनारस, गाजीपुर और बलिया में एसईजेड की स्थापना की जाएगी। परियोजना के तहत अगले पांच वर्षों में प्रदेश की प्रमुख फसलों की उत्पादकता में 30 से 50 प्रतिशत की वृद्धि के लिए व्यापक कदम उठाए जाएंगे। इससे किसानों की आय में कम से कम 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी होगी। इसके अलावा, जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक विश्व स्तरीय कार्बन क्रेडिट मार्केट की स्थापना की जाएगी। प्रदेश के अन्नदाताओं को मौसम की सटीक की सूचना देने के लिए स्थानीय मौसम स्टेशन की स्थापित किया जाएगा। इसी तरह मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए 2 से 3 विश्व स्तरीय हैचरी की स्थापना की जाएगी।

## त्योहारों पर बरतें चौकसी, सुरक्षा की हो पुख्ता व्यवस्थाः मुख्यमंत्री

**वाराणसी, 7 अक्टूबरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे के पहले ग्राउंड जीरो पर उतरकर विकास परियोजनाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आलाधिकारियों के साथ शिलान्यास तथा लोकार्पित होने वाले परियोजनाओं, विकास कार्यों और कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गतिमान परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया।उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि परियोजनाओं को पूर्ण कराए जाने में किसी भी स्तर पर देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उन्होंने दुर्गा पूजा, विजया दशमी एवं अन्य आगामी पर्वों पर पूरी चौकसी बरते जाने के साथ ही चप्पे-चप्पे पर



सुरक्षाकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित कराए जाने पर विशेष जोर दिया। सीएम योगी ने कहा कि पर्वों पर किसी भी प्रकार से आमजन को परेशानी न होने पाए। मूर्ति विसर्जन वाले स्थलों पर विशेष साफ-सफाई के रास्तों को ठीक कराने के साथ सभी उचित व्यवस्था सुनिश्चित समय से किया जाए । त्योहारों हेतु पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित हो। यातायात व्यवस्था को भी सुदृढ़ एवं सुगम बनाए जाने पर भी उनका विशेष जोर रहा। मुख्यमंत्री ने प्लास्टिक फ्री शहर बनाने में सभी प्रबंध करने को कहा। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री के प्रस्तावित आगमन, लोकार्पित तथा शिलान्यास होने वाली विभिन्न परियोजनाओं आदि को मुख्यमंत्री के सामने रखा । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को वाराणसी पहुंचे। सर्किट हाउस सभागार में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ विकास परियोजनाओं एवं कानून व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**त्योहारों के लिए करें विशेष तैयारी**

सीएम ने निर्देश दिया कि दुर्गा पूजा, विजयादशमी एवं अन्य आगामी त्योहारों को देखते हुए सभी मार्गो पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो, मूर्ति विसर्जन वाले स्थलों तालाबों पर विशेष साफ-सफाई, रास्तों को ठीक करने के साथ सभी उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध हों। नगर निगम, विकास प्राधिकरण तथा विद्युत विभाग को साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति आदि की उचित व्यवस्था करने को निर्देशित करते हुए प्लास्टिक फ्री शहर बनाने पर जोर दिया।

## सीएम योगी ने 'शक्ति के पर्व' पर की आराधना

**वाराणसी, 7 अक्टूबरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शक्ति के पर्व नवरात्रि पर शिव की भी आराधना की। भारत सेवाश्रम संघ में मां दुर्गा की पूजा के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी विश्वनाथ दरबार व काल भैरव मंदिर में भी दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने विशालाक्षी मंदिर में भी दर्शन किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शारदीय नवरात्रि की पंचमी तिथि पर सोमवार को वाराणसी पहुंचे। यहां उन्होंने समीक्षा बैठक की, फिर विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया।



**सीएम ने काल भैरव व काशी विश्वनाथ दरबार में लगाई हाजिरी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में विधिवत पूजन-अर्चन कर उत्तर प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की। वहीं काशी कोतवाल बाबा काल भैरव के चरणों में भी हाजिरी लगाई। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा जल्द ही प्रस्तावित है। इस दौरान प्रधानमंत्री कई योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। इसके पूर्व सीएम योगी आदित्यनाथ ने यहां पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण भी किया।

**सुखी-समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की**

मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को काशी कोतवाल काल भैरव का दर्शन कर आरती की और श्री काशी विश्वनाथ धाम में मत्था टेका। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंच कर उन्होंने विधि विधान से दर्शन-पूजन किया। सीएम ने बाबा के गर्भगृह में षोडशोपचार पूजन किया। वहीं विशालाक्षी मंदिर में भी दर्शन कर लोक कल्याण और सुखी-समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की।

# मतगणना के लिए पूरी तरह तैयार जिला प्रशासन, सुबह 8 बजे सबसे पहले शुरू होगी पोस्टल बैलेट की मतगणना: जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह

## सुबह 8.30 बजे शुरू होगी ईवीएम की मतगणना

### >> मतगणना केंद्रों पर मोबाइल रहेगा वर्जित, आधिकारिक पहचान पत्र से ही हो सकेगी एंट्री



**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि 8 अक्तूबर, 2024 को मतगणना का कार्य शुरू होगा। जिला प्रशासन ने इसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली है। मतगणना सुबह 8 बजे पोस्टल बैलेट की काउंटिंग से शुरू होगी। इसके पश्चात 8.30 बजे ईवीएम की काउंटिंग शुरू होगी। डीसी उत्तम सिंह ने सोमवार को मतगणना के संबंध में सभी पांचों विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि उम्मीदवार या उनके एजेंट की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम का दरवाजा खुलवाया जाए। इसकी वीडियोग्राफी करवाई जाए। मतगणना शुरू होने से पहले उसकी अनाउंसमेंट की जाए। सभी मतगणना केंद्रों पर मतगणना स्टाफ के लिए पीने के पानी, शौचालय आदि की पूरी व्यवस्था की जाए। उन्होंने बिजली विभाग को मतगणना केंद्रों पर निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**काउंटिंग एजेंट को यह अनुमति**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि काउंटिंग एजेंट को पैन, पेंसिल और 17-सी लेकर जाने की अनुमति होगी। इसके अतिरिक्त कोई कागज अंदर नहीं ले सकता। इसके अतिरिक्त उम्मीदवारों के लिए प्रत्येक मतगणना केंद्र पर क्लॉक रूम बनाया गया है, जिसमें उम्मीदवार अपना मोबाइल जमा करवा सकते हैं। भारतीय निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षकों के लिए अलग से एनक्लोजर होगा।

**>> मतगणना केंद्र के आसपास कड़ा पुलिस पहरा**

करनाल के एसपी मोहित हांडा ने बताया कि मतगणना केंद्र के आसपास कड़ा पुलिस पहरा रहेगा। मतगणना केंद्रों की व्यवस्था के मुताबिक बैरिकेडिंग कर ली गई है। अधिकृत व्यक्ति को ही मतगणना केंद्र में जाने की अनुमति होगी। जिला प्रशासन ने जिन अधिकारियों, कर्मचारियों, उम्मीदवारों व पोलिंग एंजेंट की पास जारी किए हुए हैं, उन्हें जांच के बाद अंदर जाने दिया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की है कि पुलिस के साथ सहयोग करें और एक जगह एकत्रित होकर जाम की स्थिति न बनने दें।

**इन स्थानों पर होगी मतगणना**

- करनाल विधानसभा- डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, करनाल के मुख्य हॉल में।
- घरौंडा विधानसभा- डीएवी पीजी कॉलेज करनाल में।
- इंद्री विधानसभा- एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, करनाल में।
- नीलोखेड़ी विधानसभा - एसडी मॉडल स्कूल, करनाल के लाइब्रेरी हॉल में।
- असंध विधानसभा- एसडी मॉडल स्कूल, करनाल के सभागार में।

इस बैठक में करनाल आरओ अनुभव मेहता, इंद्री आरओ सुरेंद्र पाल, नीलोखेड़ी आरओ अशोक कुमार, असंध आरओ राहुल, घरौंडा आरओ राजेश सोनी, एमडी शुगर मिल हितेंद्र शर्मा, सीटीएम शुभम, एसीयूटी योगेश सैनी, निदेशक आईटी महिपाल सीकरी, संयुक्त निदेशक आईटी कमल त्यागी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# अगर आप अच्छे हो, तो आपके साथ अच्छा होता है... हिमानी अरोड़ा



**लुधियाना, सुखविंदर सोही**

**लुधियाना** की रहने वाली मॉडल हिमानी अरोड़ा नें चंडीगढ़ मैं पत्रकार से बात चीत करते हुऐ बताइय की आज मैं जो कुछ भी हूँ वो मेरी बहन और मेरी मम्मी है। मेरी बहन ने मेरा बहुत साथ दिया है शुरू से, मैं बहुत ही शुक्रगुजार हू कि भगवा- ने मुझे इतनी अच्छी बहन दी मैंने उससे बहुत कुछ सीखा है। हिमानी अरोड़ा नें कई पंजाबी और हरयाणी अल्बम मैं काम किया है अब वो हिन्दी वेब सीरील मैं काम कर रह है उन्होंने कहा की वो सारे लोग जिन्होंने मेरी मदद की। मैं उनकी आभारी हूँ। मुझे विश्वास है कि अगर आप अच्छे हो, तो आपके साथ अच्छा होता है, साफ मन के आपकी साथ कुछ भी करो, भगवा- मदद करता है। किसी न किसी रूप में जरिक बनने है लोग। हमेशा अच्छे कर्म करने चाहिये और सही रास्ते पर चलना चाहिये। सभी को अपने गुरु की इज्जन करनी चाहिये क्योंकि वो बहुत कुछ सिखाने हैं। उनका दिया हुआ हम कभी भी मोड़ नहीं सकते। मैं अपने गुरु की बहुत आभारी हूँ। अंत में, धन्यवाद करना चाहूंगी उन सभी लोगों मेरी मदद की। हिमानी अरोड़ा नें बताइए की बचपन से ही मुझे एक्टिंग करने का शौक था स्कूल में मैने कई स्टेट प्रोग्राम करती थी मेरे बहन और मेरी माँ नें मेरा हर सपना पूरा किया अगले सप्ताह हिंदी वेब सीरील का शूट है जो मुंबई में होगा उन्हों नें कहा की सच्चे मन से और लग्न से मेहनत करते रो एक दिन जरूर कामजाब हो गे हमें लाइफ में प्रॉब्लम से घबराना नहीं चाइए एक दिन जरूर सफलता मिलती है बस भगवान पर विश्वास रखना चाहिए हिमानी मॉडल नें बताया कि मॉडल बनने के लिए, आपको उस प्रकार की मॉडलिंग के बारे में शोध करना होगा, जिसमें आप शामिल होना चाहते हैं, अपने शरीर की ताकत और सुंदरता को समझना होगा, कैमरे के सामने पोज देने का अभ्यास करना होगा, मॉडल पोर्टफोलियो।

# मतगणना केंद्रों से 100 मीटर की परिधि में सेलुलर फोन, कॉर्डलेस फोन, वायरलेस फोन के उपयोग पर लगाई पाबंदी।



**करनाल राजेश जिंदल**

**करनाल।** जिलाधीश डॉ वीरेंद्र दहिया ने मंगलवार 8 अक्टूबर को होने वाली मतगणना के चुनाव परिणाम के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला में सभी मतदान केंद्रों और मतगणना केंद्रों से 100 मीटर की परिधि में किसी भी सेलुलर फोन, कॉर्डलेस फोन, वायरलेस फोन आदि को ले जाने और उपयोग करने पर पूर्णतः पाबंदी लगाई है। चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार मतदान के दौरान शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव डयूटी व कानून व्यवस्था पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों, अधिकृत मीडिया कर्मियों को निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार आदेशों में छूट दी गई है। यह आदेश 8 अक्टूबर को परिणाम घोषित होने तक लागू रहेगा

## मतगणना केंद्र के आसपास एकत्रित ना हों आमजनः डीसी

## चुनाव अपडेट के लिए भारत निर्वाचन आयोग के स्त्रोतों का इस्तेमाल करें नागरिक।

### ईसीआई की रिजल्ट वेबसाइट पर घर बैठे देख सकेंगे चुनाव परिणाम।

**पानीपत, 7 अक्टूबर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव 2024 के परिणाम की प्रमाणिक जानकारी केवल चुनाव आयोग के आधिकारिक स्त्रोतों से ही प्राप्त करें। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव परिणाम को लेकर विशेष रूप से वेबसाइट शुरू की गई है व इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन एप के जरिये भी चुनाव परिणाम घर बैठे आसानी से देखे जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव परिणाम के लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट एचटीटीपीएसः//रिजल्टसडॉटईसीआईडॉटजीओवीडॉटइन/ या वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से चुनाव परिणाम की अपडेट रिपोर्ट सुगमता से ले सकते हैं। मंगलवार 8 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना होगी। मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू होगी व काउंटिंग के प्रत्येक राउंड की जानकारी ऑनलाइन अपडेट की जाएगी। इस दौरान मतगणना केन्द्रों में और उसके आस पास केवल प्राधिकृत व्यक्ति, अधिकारी या कर्मचारी ही जा सकेंगे। ऐसे में चुनाव का रिजल्ट जानने के लिए आमजन को चुनाव आयोग की रिजल्ट वेबसाइट या फिर वोटर हेल्पलाइन का लाभ लेना चाहिए। क्योंकि आमजन को मतगणना केंद्र के आसपास जाने की इजाजत नहीं होगी। आमजन व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, कार्यकताओं को मतगणना क्षेत्र के आस-पास भीड़ करने की जरूरत नहीं है बल्कि घर बैठे ही परिणाम जान सकते हैं।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने मतदाताओं का किया आहवान।

**मतगणना को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांति पूर्वक कराने को लेकर पूरा प्रशासन तैयारः जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया।**

**आर्य कालेज में व आर्य स्कूल में होगी मतगणना, तैयारियां पूरी।**

**पानीपत, 7 अक्टूबर।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि मंगलवार 8 अक्तूबर को होने वाली मतगणना को लेकर तैयारियां पूरी हैं। इसके लिए स्थान निर्धारित किया गया है। पानीपत ग्रामीण-24 विधान सभा के लिए आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पानीपत शहरी-25 के लिए आर्य पीजी कालेज सभागार, इसराना विधान सभा-26 के लिए स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स हाल नम्बर 1 व समालखा विधान सभा क्षेत्र-27 के लिए स्पोर्टस कॉम्पलैक्स आर्य कालेज निर्धारित किया गया है।

# चुनावी ड्यूटी में शामिल अधिकारियों को मतगणना के दौरान गोपनीयता का रखना होगा ध्यान

**करनाल, सुखविंदर सोही**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव-2024 के लिए मतगणना 8 अक्तूबर को प्रातः 8 बजे शुरू होगी। मतगणना प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक और शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने मतगणना प्रक्रिया की निगरानी के लिए सभी मतगणना केंद्रों पर मतगणना पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि मतगणना से संबंधित किसी भी जानकारी या शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1950, राज्य कंट्रोल रूम टेलीफोन 0172-2701362 तथा ईमेल hry_elect@yahoo.com पर संपर्क किया जा सकता है। वोटों की रिकॉर्डिंग या गिनती में शामिल प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी, एजेंट या अन्य व्यक्तियों को मतदान की गोपनीयता बनाए रखनी होगी। इसका उल्लंघन करना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 128 के तहत अपराध माना जाएगा और इसके लिए 3 महीने तक की कैद, जुमार्ना या दोनों सजाएं हो सकती हैं। चुनाव संचालन से जुड़ा कोई भी अधिकारी (मतदान के अलावा) ऐसा कोई कार्य नहीं करेगा, जिससे किसी उम्मीदवार के चुनाव जीतने की संभावना बढ़े। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 129 के तहत उल्लंघन करने पर 6 महीने तक की कैद, जुमार्ना या दोनों सजाएं हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति जो बिना किसी उचित कारण के चुनाव के संबंध में अपने आधिकारिक कत्र्तव्य का उल्लंघन करता है, उस पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत 500 रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। सरकारी सेवा में कोई भी व्यक्ति जो किसी उम्मीदवार के चुनाव एजेंट, मतदान एजेंट या मतगणना एजेंट के रूप में कार्य करता है, उसे लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134ए के तहत दंड दिया जा सकता है, जिसमें 3 महीने तक की कैद, जुमार्ना या दोनों सजाएं शामिल हैं। निष्पक्ष और पारदर्शी मतगणना प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए इन दिशा-निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# देश में उद्योग लगाने के लिए बन रहा अनुकूल माहौल : सुरेन्द्र वशिष्ट



हिमुड़ा की बोली में भाग लेते व्यवसायी।

## हिमुडा की खुली बोली में हाथों हाथ ऊंची बोली पर बिके औद्योगिक प्लाट्स

नालागढ़, अक्तूबर : हिमुडा द्वारा बद्दी में औद्योगिक प्लाट, दुकानें व खाली भूखण्डों के लिए रखी गई खुली बोली में बहुत से निवेशकों ने बोली लगाई जिसमें औद्योगिक प्लाट लगाने के लिए निवेशकों में बहुत ज्यादा उत्साह नजर आया। सेन्सीवाला में पांच सौ मीटर का प्लाट के रिजर्व प्राईस 56 लाख रूपये रखा गया था जबकि उद्योगपति ने इसे 86 लाख की उंची बोली देकर अपने नाम किया। इसी तरह चार अन्य प्लाट्स भी उंची बोली लगाकर निवेशकों ने अपने नाम किए। जानकारी देते हुए सुरेन्द्र वशिष्ट चीफ इंजीनियर हिमुडा ने बताया कि विभाग के पास केवल पांच औद्योगिक भूखण्ड शेष बचे हुए थे जिसे उद्योगपतियों द्वारा हाथों हाथ खरीद लिया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए उद्यमीयों में भारी उत्साह है। परन्तु उन्हें सही जमीन अथवा जगह उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिस कारण से हिमाचल में निवेश सही रूप में नही हो पा रहा है। इसी तरह कालूझण्डा दुकाने भी हाथों हाथ बिक गई। हाउसिंग बोर्ड बद्दी फेस दो के हिमुडा काम्पलेकस की प्रथम मंजिल पर दो शोरूम एक ही निवेशक ने खरीद लिए। जिससे एक ही दिन में हिमुडा को खली पडे प्लाट्स और दुकानें बेचकर करीब साढ़े पांच करोड़ की कमाई हुई है। इस अवसर पर हिममुडा के पदाधिकारी और व्यवसायी मौजूद रहे।

# पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में अंतर्सदनीय पीटी प्रतियोगिता में देवदार सदन ने मारी बाजी



पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में आयोजित अंतर्सदनीय पीटी प्रतियोगिता की विजेता टीम।

**सोलन,** : पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में 5 अक्तूबर, 2024 को, अतर्सदनीय पीटी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 14 जीटीसी सुबाथू के यशपाल राणा, फिजिकल ट्रेनर कंपनी हवलदार, मेजर एपीटीसी और पीटी प्रशिक्षक एनके प्रदीप रोका निर्णायक के रूप में सम्मिलित हुए। पाइनग्रोव में डिजाइन और निष्पादित एक नियमित और संरचित पीटी पाठ्यक्रम शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नियमित किया जाने वाला सामूहिक अभ्यास है, जिसमें पूरा सदन सम्मिलित भूमिका निभाता है। विद्यालय के कार्यकारी निदेशक, कैप्टन ए जे सिंह ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी के प्रयासों की सराहना करते हुए विजेताओं को सम्मानित किया और उन्हें इस तरह के फिटनेस कार्यक्रम को स्वस्थ रहने के जीवन शैली में शामिल करने के लिए महत्त्वपूर्ण बताया। प्रतियोगिता में ओक सदन के स्वर्णिम गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ पीटी लीडर चुना गया तो वहीं देवदार सदन ने विजेता होने का सम्मान प्राप्त किया। चिनार और टीक सदन ने प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया तो वहीं ओक सदन तीसरे स्थान पर रहा।

# 10 और 11 अक्तूबर को करनाल की कर्ण लेक पर रहेगी डांडिया की धूम

## डांडिया से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे आयोजित




**करनाल, राजेश जिंदल**

**करनाल।** की कर्ण लेक पर आने वाली 10 और 11 अक्तूबर को डांडिया की धूम रहेगी। इस दौरान डांडिया से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी कर्णलेक करनाल के डीएम विजेंद्र शर्मा ने दी। डीएम विजेंद्र शर्मा ने बताया कि नवरात्र के दौरान डांडिया विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। 10 और 11 अक्तूबर, 2024 को यह आयोजन शाम 6 बजे शुरू होगा और 10 बजे तक चलेगा। इस दौरान रास गरबा, डिस्को डांडिया, प्रोफेसनल डांडिया प्रस्तुति, लाइव डांस और डीजे, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और डांस से जुड़ी अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए 525 रुपए प्रति व्यक्ति की एंट्री फीस रखी गई है। इसमें डिनर भी साथ रहेगा। डीएम विजेंद्र शर्मा ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम और फूड फेस्टिवल हरियाणा टूरिज्म द्वारा निरंतर आयोजित किए जाते हैं। यह कार्यक्रम इसी तरहे के आयोजन का हिस्सा है। उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुफ्त उठाने का आह्वान किया।

# विद्युत पेंशनर्स कल्याण संघ सोलन की बैठक में पेंशनरों ने लिया बढ़-चढ़कर भाग



विद्युत पेंशनर्स कल्याण संघ सोलन इकाई की मासिक बैठक में भाग लेते पेंशनर्स।

सोलन, अक्तूबरः हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत पेंशनर्स कल्याण संघ सोलन जिला इकाई एवं राज्य कार्यकारिणी की संयुक्त मासिक बैठक सोलन के होटल पैरागौन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता ई. भगवान सहाय सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता ने की।

बैठक को विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित किया जिसमे ई. एस.डी रत्न सलाहकार ,पी एल गुप्ता महासचिव, जे पी शर्मा संयुक्त सचिव राज्य कार्यकारिणी, ई. दिनेश गुप्ता जिला अध्यक्ष प्रमुख रहें। बैठक में पेंशनरों ने अपनी समस्याओं को पदाधिकारियों के समक्ष रखा जिसमें वर्ष 2016 से 2021 के मध्य सेवानिवृत्तों की रिवाइड ग्रेच्युटी, कम्यूटेशन, लीव इनकैशमेंट न मिलने के कारण बहुत रोष व्याप्त दिखा। पेंशनरों ने कहा कि खेद का विषय है कि प्रदेश सरकार के आदेशों को हुए छह माह का अरसा हो चुका है जिसमें पेंशनरों को संशोधित वेतनमानों के बकाया एरियर का 35, 20,18 व 15 प्रतिशत प्रदेश सरकार की तर्ज पर आयु वर्ग के अनुपात से देने के विद्युत प्रबंधन आदेश नहीं कर सका जबकि यह राशि प्रदेश सरकार के पेंशनरों को कभी की मिल चुकी है। 1 जनवरी 2016 से पूर्व सेवानिवृत्त कुछ पेंशनरों की प्रबंधन ने नेशनल फिक्सेशन तो की है ताकि जिन पेंशनरों की फिक्सेशन अभी करने को है उसे भी शीघ्र किया जाए। महंगाई भत्ते की तीन-तीन किस्त अभी तक सरकार ने जारी नहीं की है और अब अगस्त माह से देय चौथी किश्त भी केंद्र सरकार रिलीज कर चुकी है। प्रदेश सरकार देय महंगाई-भत्ते की किश्तों को शीघ्र जारी करें।

विद्युत प्रबंधन संघ को वार्ता के लिए नहीं बुलाया जबकि प्रदेश के 11 जिलों में संघ की इकाइयां स्थापित है और इसके सक्षम नेतृत्व के कारण ही विद्युत पेंशनर इसके साथ जुड़ते ही जा रहें हैं हाल ही में तहसील व उपमंडल स्तर पर कई नई इकाइयां अस्तित्व में आई हैं यह केंद्रीय संगठन को सशक्त व कुशल नेतृत्व के कारण संभव हुआ है जो संघ के प्रति पेंशनरों का भरोसा है और लोग दिन-प्रतिदिन इससे जुड़ते जा रहें हैं। बावजूद इसके सरकार व विद्युत-प्रबंधन संघ को पेंशनरों की समस्याओं को सुलझाने के लिये वार्ता करने में तरजीह नहीं देता। यह बहुत चिंतनीय विषय है। बार-बार विद्युत-प्रबंधन को पूर्व में भी चेताया गया परंतु कोई प्रगति इस बारे नहीं दिखाई दी। पुनः प्रबंधन के ध्यानार्थ इस विषय को उठाया जा रहा है की अविलंब शीर्ष नेतृत्व को वार्ता के लिए बुलाए। सभा के अंत में मुख्य-अतिथि ने सभी उपस्थिति पेंशनरों एवं पदाधिकारियों का उन्हें सम्मान देने के प्रति धन्यवाद किया और संघ की पेंशनरों की समस्याओं को इसी प्रकार उठाते रहने की कामना की। बैठक में विद्या सागर शर्मा जिला महासचिव, ई बीएल शर्मा ई. एस के सेन, ई. महेश श्रीधर, रति राम सहसचिव, कमल राज गुप्ता कोषाध्यक्ष के.का, भूपेंद्र वर्मा कोषाध्यक्ष ,जे पी गुप्ता सह-कोषाध्यक्ष अनिल बतरा , ज्ञान चंद इत्यादि उपस्थित रहें। यह जानकारी लक्ष्मी रमण शर्मा संघ के प्रेस सचिव के माध्यम से प्राप्त हुई।

# बुघार स्कूल की नीतिका ठाकुर ने किस में कितना है दम गायन रिएलिटी टैलेंट शो में किया शानदार प्रदर्शन



बुघार स्कूल की प्रधानाचार्या रेखा राठौर नीतिका ठाकुर को सम्मानित करते हुए।

**अर्की,** : बुघार विद्यालय में कक्षा दसवीं की छात्रा नीतिका ठाकुर को किसमें कितना है दम राष्ट्रीय स्तर के गायन रिएलिटी टैलेंट शो में शानदार प्रदर्शन करने पर प्रधानाचार्य रेखा राठौर द्वारा सम्मानित किया गया। यह शो डीडी पंजाबी पर प्रसारित होता है यह प्रतियोगिता धुरी अमृतसर में हुई थी। नीतिका ठाकुर ने इस प्रतियोगिता में टॉप छह में जगह बनाकर बुघार विद्यालय व बुघार गांव का नाम रोशन किया है। नीतिका ठाकुर की माता रंजना ठाकुर अध्यापिका हैं और पिता कृष्ण लाल ठाकुर किसान हैं। नीतिका ठाकुर की माता रंजना ठाकुर ने बताया कि उनकी बेटी बचपन से ही संगीत में विशेष रुचि है व माता पिता का सपना है कि उनकी बेटी संगीत के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां व उपलब्धियां हासिल करे। प्रधानाचार्य रेखा राठौर ने नीतिका की हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि नीतिका की उपलब्धि पर सारे विद्यालय परिवार को गर्व है। प्रधानाचार्य ने नीतिका को संगीत के क्षेत्र में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर दीपक ठाकुर, लेख राम ठाकुर, ईश्वर दत्त वर्मा, प्रदीप गौतम, देवेंद्र चौहान, मनोज मिश्रा, सुरेश कुमार, नवीश कुमार, सौरभ शर्मा, भूपेंद्र सिंह, जगदीश, शिवानी शर्मा, प्रेम लाल, प्रेमी देवी, वीना देवी, बबीता ठाकुर, रोमिला ठाकुर भी उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण के लिए जल-जगार अनुकरणीय पहल : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**प्रधानमंत्री जी के हर घर नल से जल के संकल्प को पूरा कर रही है छत्तीसगढ़ सरकार**



**जल-जगार से आया सकारात्मक और क्रांतिकारी परिवर्तन**

रायपुर, अक्तूबर : धमतरी जिले के रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में आयोजित जल जगार महोत्सव के शुभारंभ समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जिला प्रशासन धमतरी द्वारा जल जगार महोत्सव मनाया जा रहा है, जो अनुकरणीय पहल है। उन्होंने कहा कि पानी का अधिक दोहन हो रहा है, लेकिन जल संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया जाता। धमतरी जिले में भी जल स्तर काफी नीचे जा रहा था, किन्तु जल जगार से सकारात्मक और क्रांतिकारी परिवर्तन आया है, जिसके लिए जिला प्रशासन बधाई का पात्र है। मुख्यमंत्री साय ने रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के देवी-देवताओं का स्मरण करते हुए लोगों नवरात्रि की बधाई दी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर बड़ा करने की ठान ले तो यह कोई बड़ी बात नहीं है। हर घर नल से जल पहुंचाने प्रधानमंत्री के संकल्प को जलजीवन मिशन के तहत गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का कार्य हमारा है। उन्होंने कहा कि माओवाद प्रभावित क्षेत्र के आदिवासियों के लिए नियद नेल्ला नार योजना चलाई जा रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। नक्सलवाद का खात्मा करने सरकार प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री के 2047 के विकसित भारत के संकल्प को साकार करना है, मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को मां के नाम पेड़ लगाने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश के संसदीय कार्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि जल बचाने की दिशा में जिला प्रशासन बेहतर और इनिशिएटिव कार्य कर रहा है, जिसे धमतरी ही नहीं, पूरे प्रदेश और देश के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि जल जगार के माध्यम से आने वाली पीढ़ी को एक बड़ी सौगात दे सकते हैं।

विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि आज के परिवेश में जल संरक्षण बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री ने जलजीवन मिशन के तहत घर घर पानी देकर संदेश दिया है। पानी का मूल्य और महत्व को सभी को समझना होगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ी गीत के माध्यम से जल की महत्ता को बताया। पूर्व कैबिनेट मंत्री मंत्री और कुरूद विधायक श्री अजय चंद्राकर ने कहा कि यह अपने आप मे एक नवाचारी कार्यक्रम है। धमतरी जिले में 04 बड़े जलाशय होने के बाद भी यहां का भूजल स्तर गिरना चिता का विषय है। सामुदायिक भागीदारी से जल संरक्षण किया जाना प्रशंसनीय है और इसे जन-जन का आंदोलन बनाना होगा। इसके अलावा महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, कांकेर सांसद श्री भोजराज नाग, ने भी जिले में चल रहे जल जगार महोत्सव की सराहना करने हुए अनुकरणीय बताया। इस अवसर कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, श्री श्रवण मरकाम, श्रीमती पिंकी शाह, श्री इंदर चोपड़ा सहित जनप्रतिनिधिगण एवं वरिष्ठ नागरिक मंच पर मौजूद थे।

## पाइनग्रोव स्कूल में 8 से 11 अक्तूबर तक होगा ऑल इंडिया अंडर-17 गर्ल्स क्रिकेट टूर्नामैंट

सोलन, अक्तूबर : पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में 8 से 11 अक्तूबर 2024 तक ऑल इंडिया अंडर-17 गर्ल्स आईपीएससी क्रिकेट टूर्नामैंट आयोजित किया जा रहा है। 8 अक्तूबर को आयोजित उद्घाटन समारोह के अवसर पर विद्यालय के कार्यकारी निदेशक कैप्टन ए जे सिंह मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे और 11 अक्तूबर को आयोजित समापन समारोह में निदेशक सीआरआई, डिंपल कसाना मुख्य अतिथि रहेंगी। यह प्रतिष्ठित टूर्नामैंट भारत के 4 विशिष्ट स्कूलों की टीमों की प्रतिभा प्रदर्शित करेगा। इन संस्थानों में महारानी गायत्री देवी गर्ल्स स्कूल जयपुर, मॉडर्न स्कूल दिल्ली, दिल्ली पब्लिक स्कूल आर के पुरम और मेजबान पाइनग्रोव स्कूल, सोलन शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### संविदा महासंघ की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा

**बैतूल।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्धता प्राप्त संविदा महासंघ द्वारा लिंक रोड स्थित तरंग वाटिका में आयोजित जिला स्तरीय महासम्मेलन में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति महासंघ की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। संविदा स्वास्थ्य संघ के जिलाध्यक्ष डॉ.गोविंद साहू ने बताया कि संविदा महासंघ की कार्यकारिणी में अध्यक्ष इंजीनियर डैनी सावन गौड़, महामंत्री एकनाथ ठाकुर, महामंत्री इंजीनियर ऋषभ जैन, सचिव नीरज बाथरी, सहसचिव वीरेंद्र उपराले, उपाध्यक्ष दीपक झारिया, कमलेश मासोदकर कोषाध्यक्ष सर्वेश दीक्षित, कार्यालय मंत्री भरत खरे को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष वंदना राजोरिया एवं पूर्व महामंत्री मधुकर साबले द्वारा संगठन की रीति–नीति से पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए कर्मचारियों के हितों की रक्षा हेतु शपथ दिलाई गई। विभाग प्रमुख विनय डोंगरे द्वारा फ़कुटुम्ब प्रबोधनफ़ पर व्याख्यान कर परिवार के महत्व को बताया गया एवं समस्त नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य संघ के जिलाध्यक्ष डॉ.गोविंद साहू संविदा जिला विभागों के संयोजक योगेंद्र दवाडे, भूपेश दियावार, खुशबू ब्रह्मे, विमल बचले , नवीन मालवीय , कामिनी पंडोले, मनीष वरवधे, प्रियंका राने, सुरेश गुप्ता, मोहाबे ऋषि कुमार बलिराम वधाबुधे, अरुण बोरबन, निशांत मेश्राम, नितेश जैन, रामनारायण शुक्ला, राजेश पवार ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई दी।

### जयस का वन विभाग पर आरोप मिली भगत से हो रही सागौन की अवैध कटाई

**हरदा।** जिले के हंडिया वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रैसलपुर एवं झल्लार में सागौन के छह पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया है। जयस के जिलाध्यक्ष राकेश काकोडिया ने बताया कि ग्रामीणों से उन्हें रैसलपुर व झल्लार के पास के जंगलों में कटर मशीन की मदद से सागौन के छह पुराने पेड़ों को वन माफियाओं के द्वारा कांटे जाने की सूचना मिली थी। जयस जिलाध्यक्ष ने बताया कि वन विभाग के कर्मचारियों की मिली भगत से जंगलों में अवैध कटाई का काम जारी है। उन्होंने बताया कि जयस लगातार आदिवासी लोगों के लिए जल, जंगल व जमीन के लिए लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने बताया कि कई बार वन विभाग के अधिकारियों को जंगल की सुरक्षा के लिए जंगल मे रहने के लिए आग्रह किया गया है। लेकिन वन विभाग के अधिकांश कर्मचारी सरकार से मोटी सैलरी लेने के बाद अपने मुख्यालय पर नहीं रहते है, जिससे मौके का फायदा उठाकर वन माफियाओं के द्वारा जंगल मे अवैध रूप से हरे भरे पेड़ों की कटाई की जा रही है। उन्होंने इस तरह की लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही की मांग की है।

### ब्रेड फैक्ट्री में आग से लाखों रुपए का नुकसान

**आठनेर।** वार्ड नंबर 15 में रविवार को एक ब्रेड फैक्ट्री में आग लग गई। सुबह फैक्ट्री से धुंआ उठता देख मौके पर पहुंचे फैक्ट्री संचालकों की सूचना पर फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। संचालकों ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है, घटना में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार आठनेर के वार्ड नंबर 15 में यह ब्रेड फैक्ट्री करीब आठ महीने पहले शुरू की गई थी। आज सुबह फैक्ट्री से धुंआ उठता देख आसपास के लोगों ने संचालकों को घटना की सूचना दी। फैक्ट्री के आसपास रिहाइशी क्षेत्र नहीं होने के कारण आग की जानकारी देरी से लगी, जिससे अंदर रखी सारी मशीन जल गई। संचालक शरीफ खान ने बताया कि आज सुबह फैक्ट्री के पास रहने वाले लोगों ने शेड से धुआं उठते देख, उन्हें सूचना दी। इसके बाद जब वह मौके पर पहुंचे तो फैक्ट्री का शेड खोलने पर अंदर रखी सारी मशीनें जल चुकी थी। उन्होंने बताया कि ब्रेड बनाने के लिए यहां रखे तेल के पीपो की वजह से आग तेजी से फैली और उसने सारा सामान तेजी से जल गया। इससे करीब 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि इसके लिए परिवार ने आठ महीने पहले ही अपना मकान गिरवी रखकर लोन से संचालन शुरू किया था।

# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत प्रदान किया शौचालय निर्माण प्रोत्साहन राशि।

## डीएम व डीडीसी ने 50 लाभुकों के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत स्वीकृति पत्र बाटा।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)



**पश्चिम चंपारण।** सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीण विकास विभाग के विभिन्न योजनाओं यथा - प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण,लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान और जीविका अंतर्गत सतत जीविकोपार्जन योजना, क्रेडिट लिंकेज, परिक्रमी निधि एवं आरंभिक पूंजीकरण निधि के तहत कुल-81 करोड़ 54 लाख 94 हजार की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से लाभार्थियों के खाते में हस्तानांतरित की गयी है। इस अवसर पर पश्चिम चम्पारण जिले के डीएम दिनेश कुमार राय एवं उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार द्वारा विभिन्न योजनाओं के 50 लाभुकों के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृति पत्र एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत शौचालय निर्माण प्रोत्साहन राशि तथा जीविका दीदियों के बीच सतत जीविकोपार्जन योजना क्रेडिट लिंकेज, परिक्रमी निधि एवं आरंभिक पूंजीकरण निधि के तहत चेक के माध्यम से राशि प्रदान की गयी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार रविन्द्र, निदेशक डीआरडीए अरूण प्रकाश एवं निदेशक, राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम अमित कुमार पाण्डेय, डीपीएम जीविका निखिल कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# संयुक्त विशाल फिलिस्तीन एकजुटता मार्च।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)



**बेतिया।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ,भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी तथा भाकपा माले द्वारा बेतिया में संयुक्त रूप से विशाल फिलिस्तीन एकजुटता मार्च राज देवड़ी टांगा स्टैंड प्रांगण से निकलकर बेतिया समाहरणालय तक गया। एकजूटता मार्च को संबोधित करते हुए माकपा की बिहार राज्य सचिवमंडल सदस्य प्रभुराज नारायण राव ने बताया कि पिछले 1 साल से अमेरिकी साम्राज्यवाद के इशारे पर इजरायल लगातार फिलिस्तीन पर हमले कर रहा है ।वह पाठशालाओं, अस्पतालों तथा धार्मिक स्थानो पर जनसंहारक हथियारों का इस्तेमाल लगातार कर रहा है। जिसमें बच्चे,महिलाएं तथा समाज सेवी भारी संख्या में मारे गए हैं। इसराइली हमले से फिलिस्तीन में अब तक लाखों लोग,बच्चे तथा महिलाएं मारे जा चुके हैं । अब स्थिति यहां पहुंच गई है कि अमेरिका जैसा युद्धखोर जिसके पास मानव जीवन की समाप्ति के लिए जनसंहारक हथियारों का जखीरा है। वह हथियारों के बल पर जनसंहार करके पूरी दुनिया पर कब्जा करना चाहता है। आज बड़े पैमाने पर इसराइल को हथियार दे रहा है तथा मुक्ति के लिए संघर्ष कर रहे देशों पर हमले कर रहा है। अभी स्थिति यह है कि लेबनान, इराक ,ईरान जैसे अनेक देशों पर हमले हो रहा है और धार्मिक आधार पर पूरी दुनिया में तनाव बनाया जा रहा है। दुर्भाग्य हमारे देश का जो हमेशा युद्ध के विरुद्ध शांति के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। जो नव औपनिवेशिक देश से मुक्ति की लड़ाई करने वाले देश का हमेशा सहयोगी रहा है। आज मोदी सरकार अमेरिका और इजरायल के हाथ में खेल रही है। जो युद्धखोरों को समर्थन दे रही है ।यह हमारी देश की सभ्यता और संस्कृति के खिलाफ है। इस कार्यक्रम को सी पी एम के जिला सचिव चांदसी प्रसाद यादव, प्रभुनाथ गुप्ता,शंकर कुमार राव, म. हनीफ, नीरज बरनवाल, राजू बैठा, सुनील यादव, म. वहीद, मनोज कुशवाहा, अवधविहारी प्रसाद ,सोना देवी,संजीव राव।

# जापान के क्योटो विश्वविद्यालय ने डॉ. सुमित कुमार पाठक

## को विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया है

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**गया।** दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीतिक अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. सुमित कुमार पाठक को जापान के क्योटो विश्वविद्यालय में 'न्यूट्रैलिटी स्टडीज प्रोजेक्ट' पर केंद्रित महत्वपूर्ण बैठकों की श्रृंखला में विशेषज्ञ के रूप में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। ये बैठकें 11, 15 और 18 अक्टूबर 2024 को आयोजित की जाएंगी, और इसका विषय 'न्यूट्रैलिटी और इसके अनुसंधान का पुनर्विचार" होगा। यह आमंत्रण डॉ. पाठक की राजनीतिक अध्ययन के क्षेत्र में विशेषज्ञता और पहचान को उजागर करता है। विशेषकर अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में न्यूट्रैलिटी के मुद्दों के संदर्भ में है। बैठकों में अपनी भूमिका के अलावा, डॉ. पाठक का शोध पत्र "कौटिल्य पर पुनर्विचारः समकालीन विश्व में न्यूट्रैलिटी का अन्वेषण आगामी सम्मेलन के लिए प्रस्तुत करने के लिए स्वीकार किया गया है, जो क्योटो विश्वविद्यालय में 23 से 25 अक्टूबर 2024 तक आयोजित होगा। यह पत्र प्राचीन भारतीय राजनीतिक विचार और इसकी आधुनिक न्यूट्रैलिटी के विचारों के संदर्भ में गहराई से चर्चा करेगा, जिससे डॉ. पाठक को न्यूट्रैलिटी पर ऐतिहासिक और समकालीन संदर्भ में एक महत्वपूर्ण आवाज के रूप में स्थापित किया जाएगा। डॉ. पाठक ने इन अवसरों के प्रति अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा, "मैं क्योटो विश्वविद्यालय में इस महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा बनने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। न्यूट्रैलिटी पर चर्चा आज की जटिल भू-राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण है, और मैं अपने विचार साझा करने और इस क्षेत्र के अन्य विशेषज्ञों से सीखने की प्रतीक्षा कर रहा हूँ। "जैसे-जैसे दुनिया कूटनीति और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के जटिल मुद्दों से जूझती है, डॉ. पाठक जैसे विद्वान न्यूट्रैलिटी और इसके वैश्विक शासन पर प्रभावों के आस- पास की चर्चा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा स्थापित ऐतिहासिक पिंजरा पोल गौशाला की स्थापना की 107 वर्षगांठ।

## एक बार फिर ऐतिहासिक पिंजरा पोल गौशाला को विकसित करने की उठरही है मांग।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा स्थापित ऐतिहासिक पिंजरा पोल गौशाला को विकसित करने की एक बार फिर मांग उठी है। सुप्रसिद्ध गांधीवादी चिंतक सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डॉ. एजाज अहमद (अधिवक्ता) डॉ. सुरेश कुमार अग्रवाल चांसलर प्रज्ञान इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी झारखंड, डॉ. अमानुल हक संस्थापक मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट, डॉ. शाहनवाज अली, डॉ. अमित कुमार लोहिया ने संयुक्त रूप से सरकार से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा स्थापित ऐतिहासिक पिंजरा पोल गौशाला को और विकसित करने की मांग की, उन्होंने कहा कि आज से लगभग 107 वर्ष पूर्व 7 अक्टूबर 1917 को राष्ट्रपिता चंपारण सत्याग्रह ने अपने बेतिया आगमन पर , महात्मा गांधी ने स्वयं अपने हाथों से अपने 48वें जन्मदिन के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों, बेतिया के बुद्धिजीवियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों की मदद से ऐतिहासिक पिंजरा पोल गौशाला की आधारशिला रखी थी। अपने 107 वर्षों के इतिहास में ऐतिहासिक पिंजरापोल गौशाला समिति का योगदान सराहनीय रहा है। चंपारण सत्याग्रह शताब्दी वर्ष 2017 पर सरकार की ओर से पिंजरपोल गौशाला को अनुदान राशि उपलब्ध करायी गयी थी. संसाधनों की कमी के कारण ऐतिहासिक पिंजरपोल गौशाला अपने उद्देश्यों को सही ढंग से पूरा नहीं कर पा रही है। चंपारण के विभिन्न गांधीवादी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं डॉ. एजाज अहमद चाहते हैं कि सरकार इस ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करे और बुनियादी सुविधाओं का विकास करे ताकि आने वाली नई पीढ़ी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और उनके पूर्वजों द्वारा स्थापित ऐतिहासिक पिंजरा पोल गौशाला का लाभ ले सके। ऐतिहासिक पिंजरा पोल गोशाला का विकास ही सरकार द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सरकार की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# फीनिक्स यूनाइटेड बरेली में दिवाली का धमाका

## खरीदारी पर कई शानदार इनाम जीतने का मौका

**बरेली।** इस दिवाली, फीनिक्स यूनाइटेड मॉल बरेली "अबकी दिवाली फीनिक्स यूनाइटेड वाली" ऑफर के तहत अपने ग्राहकों के लिए खास पेशकश लेकर आया है। 7 अक्टूबर से 7 नवंबर तक मॉल में खरीदारी करने पर बेहतरीन डील्स के साथ ढेर सारे शानदार इनाम जीतने का मौका भी मिलेगा। अगर आप 19,999 रुपये की खरीदारी करते हैं, तो आपके पास रॉयल एनफील्ड हंटर बाइक जीतने का सुनहरा अवसर है। इसके साथ ही लकी ड्रॉ में भाग लेकर आप 43 और 55 इंच के एलईडी टीवी, 1.5 टन का स्प्लिट एसी, फ्रिज, स्पीकर और 100 सिल्वर कॉइन जैसे




बेहतरीन इनाम भी जीत सकते हैं। हर हफ्ते क्लब महिंद्रा की ओर से एक लकी विजेता को घरेलू स्टे पैकेज मिलेगा, जिससे उनकी छुट्टियां और भी खास बन जाएंगी। इसके अलावा, वीक डेज पर 10,999 रुपये की खरीदारी पर निश्चित उपहार मिलेंगे, जिससे आपका शॉपिंग अनुभव और भी फायदेमंद बन जाएगा। धनतेरस के दिन तो और भी खास ऑफर हैं। पहले 100 ग्राहकों को 5 ग्राम का चांदी का सिक्का उपहार के तौर पर दिया जाएगा, जिससे यह पर्व और भी यादगार बन जाएगा। इस मौके पर श्री संजीव सरीन, सीनियर सेंटर डायरेक्टर, फीनिक्स मिल्स ने कहा, "हमारी कोशिश है कि इस दिवाली, फीनिक्स यूनाइटेड मॉल में शॉपिंग को और भी खास और यादगार बनाएं। हम अपने ग्राहकों को बेहतरीन शॉपिंग अनुभव देने के साथ-साथ उन्हें आकर्षक उपहार भी जीतने का अवसर प्रदान कर रहे हैं इसके साथ हम फीनिक्स मॉल में जल्द ही बीकानेरवाला और टाइम जोन की शुरआत होगी जिससे त्योहारी समय में बरेलीवासियों के लिए हमारा मॉल और अधिक परफेक्ट डेस्टिनेशन बन जाएगा।

# 14 अक्टूबर को धम्म दीक्षा समारोह की तैयारी पुरी।

(लोकतंत्र की शान/ मधुसूदन)



**बेतिया।** आगामी 14 अक्टूबर को बिहार राज्य के पश्चिम चंपारण ज़िला स्थित गौनाहा ब्लॉक के रमपुरवा में हर साल की तरह धम्म दीक्षा समारोह का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोज रामदास बैठा रिटायर्ड डीएसपी ने लोकल सत्ता के संवाददाता को बताया कि इस समारोह में मुख्य अतिथि भंते धम्म ज्योति प्रोफेसर नालंदा विश्वविद्यालल, प्रोफेसर मगधेश, डॉ० संतोष पटेल, डॉ0 पी सी चंद्राश्री (थाईलैंड) आदि भाग लेरहे है। इस समारोह में ज्यादा से ज्यादा बौद्ध प्रेमी भाग लेरहे है। आपको बता दें कि इस समारोह में स्थानीय और दूर दूर से काफी लोग पहुंचते हैं बिल्कुल मेला जैसा दृश्य दिखता है। वहीं अर्जक समाज के अध्यक्ष अरुण गुप्ता स्व सीताराम महतो, भाई ज्योतिनाथ कुशवाहा एवं भाई महेन्द्र यादव भी भाग लेगें।

# युवा कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस

■ बैतूल

प्रदेश में बेटियों की सुरक्षा को लेकर उठ रही चिंताओं के बीच, मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस ने 5 अक्टूबर को सभी जिलों में मशाल जुलूस का आयोजन किया। इसी कड़ी में बैतूल में भी युवा कांग्रेस ने सरकार को महिला सुरक्षा के मुद्दे पर चेतावनी देने के लिए एक मशाल जुलूस निकाला। यह जुलूस अंबेडकर चौक से शुरू होकर कोठी बाजार होते हुए लल्ली चौक तक निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय जनता भी शामिल हुई।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हेमंत वागद्रे के नेतृत्व में इस मशाल जुलूस का आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि यह जुलूस प्रदेश में बेटियों की सुरक्षा के प्रति सरकार को जागरूक करने का एक प्रयास है। इस जुलूस में आदिवासी कांग्रेस के



प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण गोठी और नवनीत मालवीय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**सरकार से बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग:** कार्यक्रम में उपस्थित सभी नेताओं ने एक स्वर में प्रदेश सरकार से बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। हेमंत वागद्रे ने कहा कि प्रदेश में बढ़ते महिला अपराधों के मामले चिंताजनक हैं और सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार की उदासीनता के कारण महिला सुरक्षा का मुद्दा लगातार उपेक्षित हो रहा है, जिससे आम जनता में असंतोष बढ़ता जा रहा है। रामू टेकाम ने कहा कि आदिवासी समुदाय की बेटियों की सुरक्षा को लेकर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। प्रदेश सरकार को महिला सुरक्षा पर अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। मशाल जुलूस में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी भाग लिया, जिन्होंने महिला सुरक्षा के समर्थन में अपनी आवाज उठाई। जुलूस के दौरान पूरे रास्ते भर महिला सुरक्षा और न्याय की मांग करते हुए नारों की गूंज सुनाई दी। आम जनता के साथ मिलकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शांति और अनुशासन के साथ अपना प्रदर्शन किया। जुलूस अंबेडकर चौक से शुरू होकर कोठी बाजार होते हुए लल्ली चौक पर समाप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में हेमंत वागद्रे ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि यह जुलूस केवल शुरुआत है।

# जिपं सदस्य के मामले में चुप्पी साधे है कांग्रेसी

## विधायक बोले- कानून अपना काम कर रहा



■ हरदा

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा और महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता अग्रवाल ने शनिवार को कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के 2 अक्टूबर से शुरू किए बेटी बचाओं अभियान को लेकर सवाल खड़े किए है। जानकारी के अनुसार 2 अक्टूबर को जिला मुख्यालय के महिला थाने में हंडिया थाना क्षेत्र निवासी एक इक्कीस वर्षीय युवती ने महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष के पति और जिपं सदस्य लक्ष्मी नारायण ठाकुर पर बीते तीन सालों से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने आरोपी को पॉक्सो सहित दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसे हिरासत में लिया गया था। जिसके बाद कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया था। इस मुद्दे को लेकर जिले में अब भाजपा ने कांग्रेस का आड़े हाथों लिया है।भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा ने कहा कि गत दिनों जिले के छीपाबड़ थाना क्षेत्र में पांच साल की मासूम के साथ दुष्कर्म के मामले को लेकर कांग्रेस नेताओं की ओर से आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग की मांग की जा रही थी। लेकिन, अब महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमिला ठाकुर के पति और जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मीनारायण ठाकुर के 21 वर्षीय आदिवासी युवती के साथ तीन सालों से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इसे लेकर कांग्रेस का कोई नेता नहीं बोल रहा है।

**पूर्व मंत्री ने कांग्रेस के बेटी बचाओं अभियान पर उठाए सवाल:** पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री कमल पटेल ने प्रदेश कांग्रेस के बेटी बचाओं अभियान पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी बेटी बचाओं अभियान को लेकर नौटंकी कर रहे हैं। हरदा जिले में कांग्रेस नेता लक्ष्मीनारायण ठाकुर दुष्कर्म के आरोप जेल गए हैं।

**धर्म-आस्था** — भक्तामर महामंडल विधान के 47 वे काव्य की आराधना की गई

# भाव ही कर्मबंध और भाव ही कर्म निर्जरा का कारण : मुनिश्री

■ आष्टा

भक्तामर महामंडल विधान के 47 वे काव्य की आराधना विधान का सौभाग्य ब्रह्चारी रमेशचंद्रजी देवेंद्र कुमार अजय कुमार अमित कुमार धवल परिवार को प्राप्त हुआ। उन्होंने भगवान एवं गुरुदेव का चित्र अनावरण कर दीप प्रज्वलन किया पश्चात गुरुदेव के पाद प्रक्षालन कर उनके करकमलो में शास्त्र भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।मुनि श्री ने कहा यह अस्त्र-शस्त्रदि निरोधक काव्य है अस्त्र जिससे बचाव किया जाता है एवं शस्त्र जिससे मारा जाता है इस दुनिया में हम खुद शस्त्र बनकर घूम रहे हैं जब हमारे अंदर दूसरों के बुराई के, निंदा के, पीड़ा देने के भाव होते हैं तो हम खुद ही एक शस्त्र होते हैं हमारी वाणी बहुत बड़ा शस्त्र है एक बार शस्त्र का घाव भर सकता है किंतु वाणी का घाव विरले ही भरता है एक शेर के पैर में कांटा चुभ जाने के कारण वह किसान के सम्मुख



खड़ा होता है किसान उसकी पीड़ा समझ करके बहुत हिम्मत से उसके पांव का कांटा निकाल देता है इस परोपकार के कारण शेर धनादि देकर उसकी बेटी की शादी में सहायता करता है । किसान की बेटी की शादी में जब शेर जाता है तो किसान शेर को गधे शब्द से संबोधित करता है कुछ समय बाद शेर एक घाव देने के लिए कहता है और 15 दिन बाद उसे पुनः मिलकर कहता है की देखो यह घाव 15 दिन में भर गया किंतु जो तुमने वाणी का घाव मुझे दिया था वह अभी तक हरा है इसलिए हमें शस्त्र नहीं अस्त्र बनने की आवश्यकता है ।हर क्रिया में पुन्य व पाप बैठा हुआ है यह हमारे भाव पर निर्भर करता है प्रमाद के कारण यदि कोई जीव अकस्मात हमारे द्वारा मरण को प्राप्त होता है तो वह पाप का कारण है किंतु यदि हमारे बचाने के भाव हैं तो पुण्य का कारण हैइसी प्रकार चलने में ,खाने में, पीने में ,उठने में ,बैठने में आदि क्रियायो में पुण्य किया जा सकता है कहा है । 'भावों की पगडंडी पर सरपट दौड़ा करता मन' 'भावो ही भावो में भव के बंध बांधता रहता मन''भावो ही भावो में भाव के बंध काटता रहता मन'द्य अस्त्र-शस्त्र वही रखता है जो भय, से परिग्रह से सहित होता है पर हम निस्परिग्रही होकर निर्भय हो सकते हैं जैसे मुनिराज अपरिग्रही ही है तो वह निर्भय हैं परिग्रह एक मूर्छा है जिससे हमारा ममत्व भाव है ,आसक्ति है वही भय विद्यमान रहता है निर्भय होने के लिए निर्भय करो निर्भयिता दो अभय दान दो जीव रक्षा करनी चाहिए जीव रक्षा करने वाला जीव सदैव निर्भय होता है। इस संसार में आठ प्रकार के भयहोते हैं सबसे बड़ा भय मृत्यु का है जबकि मृत्यु हमारा सबसे बड़ा मित्र है जो हमें गलत कार्य करने से रोकती है जो समाधि मरण चाहते हैं वह मृत्यु को अपना मित्र मानते हैं क्यूंकि मृत्यु शरीर की वेदनाओं से मुक्त कराती हैं जिनेंद्र भगवान की भक्ति हमें सभी प्रकार के भयो से मुक्त कराती हैं संसार के आठ भय एवं मृत्यु भय उन जीवों को नहीं होता जो जिनेंद्र भगवान की शरण लेते हैं।




रविवार को देहरादून में विद्या भारती द्वारा आयोजित समारोह में उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित करते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

# राहुल की महिलाओं से 'शक्ति अभियान' से जुड़ने की अपील

○ नई दिल्ली,

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महिलाओं की राजनीति में भागीदारी को आवश्यक बताते हुए देशभर की महिलाओं से पार्टी के 'शक्ति अभियान' से जुड़ने की अपील की है।

गांधी ने सोशल प्लेटफॉर्म फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि पर यह अपील करते हुए महिलाओं से राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए इस अभियान से जुड़ने का आग्रह किया है ताकि देश की आधी आबादी को उनका हक मिल सके। गांधी ने कहा कि महिलाएं हमेशा से हमारे समाज और राजनीति की एक महत्वपूर्ण शक्ति रही हैं, फिर भी संसद और विधानसभाओं में नेतृत्व की भूमिकाओं में असमानता बनी हुई है। सच्ची समानता के लिए इन क्षेत्रों में अधिक



से अधिक महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आधी आबादी, पूरा हक' की सोच के साथ हम इस लक्ष्य के प्रति समर्पित हैं। यदि आप भी यह बदलाव लाने के लिए तैयार हैं, तो 'शक्ति अभियान' से जुड़ें। आपकी भागीदारी ज़मीनी स्तर पर संगठन को मज़बूत बना कर असली बदलाव लाने के लिए बेहद अहम है। उन्होंने महिलाओं से अपील की और कहा कि आइए, गांव से लेकर राष्ट्र तक हम इस परिवर्तन के प्रतिभागी बनें और आज ही 'शक्तिअभियान डॉटइन' पर रजिस्टर करें।'


कैद में बचपन



मध्य गाजा पट्टी के दीर अल-बलाह शहर में एक विस्थापन केंद्र में एक फिलिस्तीनी बच्चे को देखा गया।

## सार संक्षेप

### प्रियंका चोपड़ा ने सिटाडेल 2 से शेयर की अपनी ग्लैमरस तस्वीर



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री और पूर्व विश्व सुंदरी प्रियंका चोपड़ा ने अपनी आने वाली फिल्म सिटाडेल 2 से अपनी ग्लैमरस तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों फिल्म सिटाडेल 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में प्रियंका ने 'सिटाडेल 2' से अपने लुक और बेटी मालती के साथ बिताए कुछ यादगार पल की तस्वीर और वीडियो शेयर किया है। पहली दो तस्वीरों में प्रियंका ने सिटाडेल 2 से 'नादिया' के किरदार में अपने लुक को दिखाया है। इसके बाद एक वीडियो हैं, जिसमें वह शूट से फ्री होकर कुछ क्वालिटी टाइम स्पेंड करती नजर आ रही हैं। प्रियंका ने मालती की एक तस्वीर भी शेयर की और बताया कि वह उनसे सेट पर मिलने आई थी। काम से ब्रेक लेकर प्रियंका अपनी बेटी मालती को पार्क लेकर गईं, जहां उन्होंने उसे झूला झुलाया। इसी के साथ प्रियंका ने एक अन्य वीडियो भी शेयर किया है।

### अंब-अंदौरा से नई दिल्ली जाने वाली वंदे भारत ट्रेन पर पथराव

**ऊना:** हिमाचल प्रदेश के अंब-अंदौरा से नई दिल्ली जा रही वंदे भारत ट्रेन पर ऊना के बसाल क्षेत्र में असामाजिक तत्वों ने पत्थरों से हमला कर दिया। इस हमले में ट्रेन के चार कोचों पर पथराव किया गया, जिससे दो कोच के शीशे टूट गए और दो अन्य कोचों पर निशान पड़ गए। इस घटना में हालांकि, किसी यात्री को चोट नहीं आई है। घटना शनिवार को उस समय हुई जब वंदे भारत ट्रेन अपने निर्धारित समय अपराह्न एक बजे अंब-अंदौरा से दिल्ली के लिए रवाना हुई। ट्रेन बसाल के पास पहुंची ही थी कि अचानक पत्थरबाज़ी शुरू हो गई। हमले में सी-7, सी-10, ई-1 और ई-2 कोचों को निशाना बनाया गया। लॉको पायलट ने तुरंत मामले की सूचना अंबाला डिवीजन को दी, जिसके बाद रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) और ऊना रेलवे पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की।

### झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**रांची:** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की तबीयत आज अचानक बिगड़ गई। तबीयत बिगड़ने के बाद सोरेन को जमशेदपुर के टाटा मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया । सोरेन रविवार को साहिबगंज के भोगनाडीह जाने वाले थे लेकिन तबीयत खराब होने की वजह से वह भोगनाडीह नहीं जा पाते। सोरेन ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि वह स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों की वजह से आज वीर भूमि भोगनाडीह में आयोजित महासम्मेलन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों के अनुसार चिंता की कोई खास बात नहीं है।

### डंपर की चपेट में आने से चार लोगों की मौत,11 घायल

**जयपुर:** राजस्थान में दौसा जिले के लालसोट में कस्बे में रविवार को एक अनियंत्रित डंपर की चपेट में आने से एक महिला सहित चार लोगों की मौत हो गई तथा 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि लालसोट के घाटे में उतरे समय डंपर का ब्रेक फेल हो गया। इसके बाद डंपर की सामने आ रही बस से भिडन्त हो गई। इससे बस साइड में हो गयी और आगे आ रही दो मोटरसाइकिलों को कुचलता हुआ आगे बढ़ा। पुलिस ने बताया कि मृतकों में एक महिला है तथा तीन पुरुष है। मृतकों में एक की पहचान हुई है। बाकी की शिनाख्तगी के प्रयास किए जा रहे हैं। सभी घायलों को लालसोट अस्पताल में पहुंचाया गया है।

### अमेरिका के लास वेगास हवाई अड्डे पर विमान में लगी आग

**वाशिंगटन:** अमेरिकी राज्य नेवादा के लास वेगास में हैरी रीड इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार को एक बड़ा विमान हादसा हुआ, जहां फ्रंटियर एयरलाइंस की उड़ान संख्या 1326 में हार्ड लैंडिंग के दौरान अचानक आग लग गई। स्थानीय अधिकारियों और एयरलाइंस के सूत्रों ने इसकी पुष्टि की। सीबीएस न्यूज ने फ्रंटियर एयरलाइंस के एक प्रवक्ता का हवाला देते हुये कहा कि पायलटों ने धुआं पाया और आपातकालीन स्थिति घोषित कर दी।

# 7 मोर्चों पर लड़ रहे जंग: नेतन्याहू

## कहा-ईरान से बैलिस्टिक मिसाइल हमले का बदला जरूर लेंगे

○ नई दिल्ली,

**इजराइली** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजराइल-हमास जंग का एक साल पूरा होने से पहले वीडियो संदेश जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि हमारा देश 7 मोर्चों पर जंग लड़ रहा है। नेतन्याहू ने कहा कि हम अपने देश को हमास, ईरान, हिजबुल्लाह, वेस्ट बैंक के आतंकी, यमन के हूती और इराक-सीरिया के शिया मिलिटेंट्स के हमलों से बचा रहे हैं। नेतन्याहू ने इजराइल के सेल्फ डिफेंस के अधिकार को दोहराते हुए कहा कि वे ईरान से बैलिस्टिक मिसाइल हमले का बदला जरूर लेंगे। इजराइल जरूर ईरान पर अटैक करेगा।

वहीं, इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा है कि ईरान के हमले में उनके एयरबेस को खरोंच तक नहीं आई। गैलेंट ने रविवार को नेवातिम एयरबेस का दौरा किया। ईरान ने 1 अक्टूबर को किए हमले में इसी एयरबेस को निशाना बनाया था। इससे पहले लेबनान में इजराइली हमलों और ग्राउंड ऑपरेशन के बीच शनिवार रात इजराइल की सेना ने रातभर बेरूत एयरपोर्ट के पास हवाई हमले किए। कुछ हमले एयरपोर्ट जाने वाली सड़कों तो कुछ एयरपोर्ट की दीवार पर हुए। हिजबुल्लाह के 440 सदस्यों की मौत इजराइली डिफेंस फोर्स ने को बताया कि उसने हिजबुल्लाह के कई कमांड सेंटर्स, हथियार डिपो, सुरंगों और ठिकानों को तबाह कर दिया है।



आईडीएफ ने कहा कि 30 सितंबर को लेबनान में ग्राउंड ऑपरेशन शुरू होने के बाद से उन्होंने अब तक 440 हिजबुल्लाह सदस्यों को मार गिराया हैलेबनान में लड़ाई को लेकर फ्रांस और इजराइल के बीच मतभेद बढ़ गए हैं।

इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि फ्रांस अगर हमारा साथ नहीं भी दे तो भी हम यह जंग जीत सकते हैं। राष्ट्रपति मैक्रों को अपनी बात पर शर्म आनी चाहिए। दरअसल, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 5 अक्टूबर को कहा था कि इजराइल को गाजा में लड़ाई के लिए हथियार भेजने पर रोक लगनी चाहिए। इसके बाद समस्या का हल निकालना चाहिए। नेतन्याहू के बयान के बाद मैक्रों के ऑफिस ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि फ्रांस इजराइल का पक्का दोस्त है। अगर ईरान या उसके समर्थक ने हमला किया, तो फ्रांस हमेशा इजराइल के साथ खड़ा रहेगा। इजराइली सेना ने कहा है कि सोमवार 7 अक्टूबर को जंग के एक साल पूरे होने पर गाजा बॉर्डर के पास सैनिकों की तैनाती बढ़ा दी गई है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक आईडीफ को डर है कि हमास फिर से इजराइल पर बड़ा हमला करने की कोशिश कर सकता है। ऐसे में सेना इजराइल की सुरक्षा में कोई कमी नहीं रखना चाहती है। इजराइल डिफेंस फोर्स ने रविवार को कहा कि उनके सैनिकों ने गाजा में जबालिया को चारों तरफ से घेर लिया है। सेना ने हमास के नए ठिकानों को खत्म करने के लिए फिर से ग्राउंड ऑपरेशन की शुरूआत की है। आईडीएफ ने जबालिया में दाखिल होते अपने टैंकों का वीडियो भी जारी किया। इससे पहले शनिवार रात जबालिया में रात भर इजराइल ने हमले किए। आईडीएफ ने बताया कि उन्होंने हमास के हथियार डिपो, सुरंगों और ठिकानों को तबाह करने के लिए कई एयरस्ट्राइक कीं। यह ऑपरेशन तब तक जारी रहेगा जब तक हमास का इंफ्रास्ट्रक्चर खत्म नहीं हो जाता है।

# 'डबल इंजन सरकार का मतलब महंगाई, बेरोजगार और भ्रष्टाचार'

### अब देश में डबल इंजन फेल हो गया है: केजरीवाल

○ नई दिल्ली,

**आम** आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोगों को समझ में आ गया है कि 'डबल इंजन सरकार' का मतलब महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार है इसलिए पूरे देश से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकारें जा रही हैं।

केजरीवाल ने रविवार को यहां आयोजित 'जनता की अदालत में केजरीवाल ' कार्यक्रम में कहा कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर से भाजपा की 'डबल इंजन सरकारें' जा रही हैं। अब देश में डबल इंजन फेल हो गया है। एक इंजन जून में ही खराब हो गया था, जब इनकी 240 सीटें आई थीं। अब एक-एक करके इनका दूसरा इंजन भी खराब हो रहा है। ये पहले हरियाणा और जम्मू-कश्मीर से जाएगा और फिर झारखंड और महाराष्ट्र से भी जाएगा। अब सारे देश से इनकी डबल इंजन की सरकार जा रही है। लोगों को समझ में आ गया है कि डबल इंजन सरकार का मतलब



महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार है इसलिए पूरे देश से इनकी सरकारें जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि अब दिल्ली के चुनाव आने वाले हैं। ये लोग दिल्ली में आकर कहेंगे कि 'डबल इंजन सरकार' बना दो। जब ये आएं, तो इनसे पूछना कि हरियाणा वालों ने तुम्हारी 'डबल इंजन की सरकार' बनाई थी। हरियाणा में 10 साल इनकी 'डबल इंजन की सरकार' रही, वहां ऐसा इन्होंने क्या किया कि आज हरियाणा में कोई इनको अपने गांव में नहीं घुसने दे रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सात साल से 'डबल इंजन की सरकार' है। इन लोगों ने कुछ तो गड़बड़ की होगी तभी वहां लोकसभा में इनकी आधी सीटें रह गईं। मणिपुर में सात साल से इनकी 'डबल इंजन सरकार' है।

### पिकअप पलटने से 25 घायल,दो गंभीर

**कबीरधाम:** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के बचेड़ी गांव में तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलटने से 25 लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। सभी घायलों को लोहारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां सभी का इलाज जारी है। यह मामला लोहारा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बचेड़ी का है। जहां रविवार सुबह करीब 7:30 के आसपास एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई. पिकअप में 30 लोग सवार थे। हादसे में 25 लोगों को चोटें आई है। घटना के तुरंत बाद घायलों को डायल 112 टीम और संजीवनी 108 एंबुलेंस की मदद से सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहारा में भर्ती कराया गया है।

### खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध: सिंह

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। सिंह रविवार को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी में हिमाचल प्रदेश स्कूल क्रीड़ा संगठन द्वारा आयोजित अंडर 14 छात्राओं की चार दिवसीय 39 वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे थे। उन्होंने खेलकूद प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 12 जिलों से आई कनिष्ठ वर्ग की 850 स्कूली छात्राओं तथा उनके खेल कोचों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हार-जीत जीवन के दो पहलू हैं, इसलिए हारने वाली टीम अपना हौसला न तोड़े, जीत का जज्बा बनाए रखें।

### धर्मशाला में दो जगह फटे बम, 22 घायल

**धर्मशाला:** हिमाचल प्रदेश के जिला मुख्यालय धर्मशाला में रविवार दोपहर बाद दो जगह बम फटने से 22 लोग घायल हो गये। दोपहर बाद आतंकी घटना की सूचना मिलने के बाद कांगड़ा पुलिस, एसडीआरएफ और नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) ने स्थिति व मोर्चा संभाल लिया। धर्मशाला में रविवार को नेशनल सिक्योरिटी गार्ड के साथ पुलिस, एसडीआरएफ, सीआइडी और अन्य जांच एजेंसियों ने आतंकी घटनाओं से निपटने के लिए अलग से अभ्यास का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय धर्मशाला में रविवार दोपहर बाद दो जगह बम फटने से 22 लोग घायल हो गये। दोपहर बाद आतंकी घटना की सूचना मिलने के बाद कांगड़ा पुलिस, एसडीआरएफ और एनएसजी ने मोर्चा संभाल लिया। मौके पर पहुंच कर एजेंसियों ने मौके पर स्थिति को संभाला।



रविवार को रांची में संविदा कर्मियों के साथ झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ।

# नहीं बनेगी कांग्रेस-भाजपा की सरकार : अभय

○ चंडीगढ़,

**इंडियन** नेशनल लोकदल (इनेलो) के महासचिव अभय सिंह चौटाला ने रविवार को दावा किया कि हरियाणा में कांग्रेस या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार नहीं बनने जा रही और इनेलो -बहुजन समाज पार्टी (बसपा) गठबंधन 'किंग' की भूमिका निभाएगा।

चौटाला ने यहां जारी बयान में कहा कि चुनाव परिणाम इनेलो-बसपा गठबंधन के पक्ष में आएंगे, हरियाणा में भाजपा और कांग्रेस को पूर्ण बहुमत नहीं मिलेगा तथा सत्ता बनाने में हम 'किंग' की भूमिका में होंगे। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान सिर्फ इनेलो बसपा गठबंधन ने ही लोकहित के मुद्दों को उठाया जबकि भाजपा और कांग्रेस तो जात पात



और भेदभाव की राजनीति में उलझ कर रह गए थे।इनेलो नेता ने बसपा प्रमुख मायावती व बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद का धन्यवाद किया और दोनों दलों के कार्यकर्ताओं की पीठ भी थपथपाई।

### कहा -चुनाव परिणाम इनेलो-बसपा गठबंधन के पक्ष में आएंगे हरियाणा में आठ अक्टूबर को होगी मतगणना

चुनाव की थकान मिटाने के लिए इनेलो नेता ने रविवार को सिरसा स्थित अपने निवास पर पूरा दिन अपने पोते उधम सिंह के साथ समय बिताया।

गौरतलब है कि तमाम चुनाव बाद सर्वेक्षणों ने हरियाणा में कांग्रेस की स्पष्ट बहुमत वाली सरकार बनने की भविष्यवाणी की है। मतगणना आठ अक्टूबर को होने वाली है।

# ऋतंभरा भारतीय संस्कृति को पहुंचा रही विदेशों तक: ओम बिरला

○ मथुरा,

**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि साध्वी ऋतंभरा जिस प्रकार से ऐसे बच्चों का मां के रूप में पालन पोषण कर रही हैं जिनका समाज में कोई नही है प्रशंसनीय और प्रेरणादायक है।

वात्सल्य ग्राम वृन्दावन में रविवार को आयोजित द्विदिवसीय नेत्र चिकित्सा शिविर के समापन मे मरीजों को चश्मे, दवाइयों आदि का वितरण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री बिरला ने कहा कि वृन्दावन, गोवर्धन एवं बांकेबिहारी की यह धरती आध्यात्मिक धर्म की धरती है। उन्होने कहा कि साध्वी ऋतंभरा नेत्र शिविर के साथ ऐसे कई सामाजिक ,मानव कल्याण के कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है। अपने आध्यात्मिक धर्म , ज्ञान और संस्कृति से साध्वी ऋतंभरा दुनिया में भारतीय संस्कृति को पहुंचा रही हैं। उनके इस प्रकार के कार्य से समाज को न केवल प्रेरणा मिलती है बल्कि नई दिशा मिलती है तथा एक ऐसे समाज का निर्माण होता है जहां सत्य होता है नैतिकता होती है और चुनौतियों से लड़ने का साहस और ऊर्जा मिलती है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति अर्जित करने का पर्व है। मां के दरबार म लोगों को इसी प्रकार की सेवा और समर्पण की शक्ति मिले यही मेरी कामना है। मां के अलग अलग स्वरूपों में होनेवाली पूजा से सारा समाज प्रेरणा ले यही इस पर्व का संदेश है। लोकसभा अध्यक्ष ने मुम्बई से आए डा. श्याम अग्रवाल की भी प्रशंसा की जिन्होंने पिछले 25 साल से लगातार वात्सल्य ग्राम में आकर 22 हजार से अधिक रोगियों के नेत्र आपरेशन किये। उनका कहना था कि यदि ये आपरेशन न किये गए होते तो संभवतः कुछ लोगों की नेत्र ज्योति ही चली जाती।

इस अवसर पर बोलते हुए साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि नेत्र शिविर की रजत जयंती में लोकसभा अध्यक्ष बिरला के आने से कार्यक्रम और अधिक सफल हो गया ।



रविवार को वृन्दावन के वात्सल्य ग्राम में निःशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर के समापन समारोह में शामिल हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और साध्वी ऋतंबरा ।

### घोटालेबाज को बचाने के लिए कोर्ट जाती है हेमंत सरकार: बाबूलाल मरांडी

**रांची:** झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा।

मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन घोटालेबाजों, चोरों को बचाने में जुटी है।कहा सरकार का काम है चोरों को पकड़ना, गड़बड़ी की जांच कराना, दोषियों को न्यायालय से सजा दिलवाना। लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार ठीक उसके उलट हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में सरकारी पैसे से देश के मशहूर वकीलों की टीम रखकर घोटाले की जाँच नहीं होने देने, घोटालेबाजों और चोरों को बचाने के लिये बार-बार न्यायालय के शरण में जाकर जांच को लटकाने-भटकाने का काम करती रही है।

# कांग्रेस का कोकीन कनेक्शन

दिल्ली पुलिस ने बुधवार दो अक्टूबर को ड्रग (कोकीन) की एक बहुत बड़ी खेप पकड़ी है। हरियाणा में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन पकड़ी गई 565 किलोग्राम कोकीन की कीमत अंतरराष्ट्रीय ड्रग बाजार में पांच हजार छह सौ करोड़ रुपए से भी ज्यादा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पकड़ी गई कोकीन की अब तक की सबसे बड़ी खेप में कांग्रेस का कनेक्शन सामने आया है। दिल्ली पुलिस ने एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का खुलासा करते हुए जिन चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनका मास्टरमाइंड तुषार गोयल दिल्ली कांग्रेस में आईटी सेल का प्रमुख रहा है और 500 किलोग्राम कोकीन उसी की निशानदेही पर जब्त की गई है। तुषार गोयल दिल्ली पुलिस की हिरासत में है। जिसे राहुल गांधी ने दो साल पहले यूथ कांग्रेस के आईटी सेल का दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बनाया था इसलिए कांग्रेस पर भाजपा हमलावर है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने तुषार गोयल की कांग्रेस नेता दीपेन्द्र हुड्डा एवं केसी वेणुगोपाल के साथ तस्वीरें जारी कीं और ये दावा भी किया कि तुषार गोयल के फोन से कांग्रेस सांसद दीपेन्द्र हुड्डा का मोबाइल नंबर मिला है। सुधांशु त्रिवेदी ने पूछा कि अब कांग्रेस बताए कि ये रिश्ता क्या कहलाता है। दिल्ली में 5600 करोड़ रुपए की ड्रग पकड़ी जाना एक गंभीर मामला है। इसके सप्लायर का कांग्रेस से कनेक्शन सामने आना और भी गंभीर विषय है लेकिन इस मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रतिक्रिया हैरान करने वाली है। नेता विपक्ष राहुल गांधी ने ड्रग का मुद्दा तो उठाया लेकिन उन्होंने इस मुद्दे को गौतम अडानी से जोड़ दिया और ये भी कहा कि अडानी के पोर्ट्स से देश में ड्रग की सप्लाई हो रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कुछ नहीं कर रहे लेकिन उन्होंने दिल्ली में जब्त की गई 5600 करोड़ रुपए से अधिक की ड्रग का जिक्र तक नहीं किया। उन्होंने अपने करीबी केसी वेणुगोपाल की ड्रग सप्लायर तुषार गोयल के साथ तस्वीरों को लेकर भी कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने तुषार गोयल के दो साल पहले तक कांग्रेस कनेक्शन पर भी कोई सफाई नहीं दी। राहुल गांधी या तो ड्रग का जिक्र ही नहीं करते और अगर जिक्र किया था तो जो आरोप लगे हैं उनका जवाब भी उन्हें देना चाहिए था। अब भाजपा नेता कह रहे हैं कि राहुल गांधी अपनी पार्टी के नेता तुषार गोयल से ही पूछ लेते कि वो किस रास्ते से पांच सौ किलो ड्रग दिल्ली तक लेकर आया। जहां तक नरेन्द्र मोदी सरकार में ड्रग पर कार्रवाई की बात है तो कांग्रेस नीत यूपीए सरकार (2006-2013) के दौरान पूरे भारत में केवल 768 करोड़ रुपए की ड्रग जब्त की गई थी जबकि 2014-2022 तक मोदी सरकार ने 22000 करोड़ रुपए की ड्रग जब्त की है। इस मामले से कांग्रेस सिर्फ यह कहकर पीछा नहीं छुड़ा सकती कि तुषार गोयल को दो साल पहले ही पार्टी से निकाल दिया गया था। कांग्रेस की यह सफाई भी पर्याप्त नहीं है कि भाजपा ने हरियाणा चुनाव को प्रभावित करने के लिए ये मामला उठाया। अगर कांग्रेस को भाजपा के किसी नेता का ऐसा कनेक्शन मिल जाता तो वह भी इतना ही शोर मचाती। अगर उसे भाजपा नेताओं की किसी आरोपी के साथ ऐसी तस्वीरें मिल जातीं तो वह भी उन्हें हवा में लहराती। वैसे भी आज कल तो छोटी-छोटी बातें भी राजनीति में बड़ा मुद्दा बन जाती हैं लेकिन 5600 करोड़ की ड्रग की सप्लाई बहुत बड़ा मुद्दा है। इसे सिर्फ हरियाणा चुनाव से जोड़कर नहीं देखा जा सकता। देश की राजनीति में इसकी गूंज कई दिनों तक सुनाई देगी और यह मामला कांग्रेस की मुश्किलें भी बढ़ाएगा।

## संतवाणी



जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। - **श्री श्री रविशंकर**, आध्यात्मिक गुरु

इंडिया गेट से

# मैग्सेसे पुरस्कार के परदे के पीछे का सच



शाहीन सबा

नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद दो अमेरिकी अनुदान संस्थाएं बहुत ज्यादा चर्चित हैं, जार्ज सोरोस की ओपन सोसायटी और फोर्ड परिवार की फोर्ड फाउंडेशन। जार्ज सोरोस अमेरिका, कनाडा और यूरोप के बड़े उद्योगपति हैं, वह घोषित तौर पर नरेंद्र मोदी के खिलाफ हैं, और 2019 से ही उनका तख्ता पलटने का हर संभव कोशिश कर रहे हैं। अपनी ओपन सोसायटी के माध्यम से वह उन संस्थाओं को अनुदान देते हैं, जो मोदी सरकार के खिलाफ हवा बनाने का काम करती हैं। उन संस्थाओं में अनेक पाकिस्तान समर्थक और भारत विरोधी संस्थाएं भी हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उनका प्रतिनिधि राहुल गांधी को मिलने आया था। उसके बाद राहुल गांधी की सभी विदेश यात्राओं के दौरान उनके सभी कार्यक्रमों का आयोजन और व्यवस्थाएं, वहीं लोग और संस्थाएं कर रहे थे, जिन्हें जार्ज सोरोस की ओपन सोसायटी से अनुदान मिलता है। कोई कारण नहीं है कि अमेरिका की फोर्ड फाउंडेशन भारत के ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करे, जो सामाजिक न्याय और उत्थान के नाम परअव्यवस्था फैलाने का काम करते हों। फिर भी अक्सर फोर्ड फाउंडेशन का जिक्र आता है, तो इस तरह के सवाल उठने लगते है। फोर्ड फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने के लिए व्यवस्थाओं में बदलाव करना है, जिसके लिए वह दुनियाभर सामाजिक संस्थाओं को अनुदान देती है। लेकिन भारत में फोर्ड फाउंडेशन से अनुदान पाने वाली संस्थाएं लंबे समय से शक के दायरे में हैं। जबसे मैग्सेसे पुरस्कार फोर्ड फाउंडेशन के नियंत्रण में आया है, तब से शक ज्यादा गहरा हो गया है।

द्वितीय विश्व युद्ध के समाप्त होने के बाद रेमन मैग्सेसे फिलीपींस गणराज्य के पूर्व राष्ट्रपति थे।1957 में अमेरिका की राकफेलर ब्रदर्स फंड के ट्रस्टियों ने फिलिपींस सरकार की सहमति से रेमन मैग्सेसे की स्मृति में मैग्सेसे पुरस्कार की स्थापना की गई थी। ताकि उनकी सरकारी ईमानदारी, साथी नागरिकों के प्रति साहसी सेवा और लोकतांत्रिक समुदाय में व्यवहारिक और आदर्शवादी विचारों को याद रखा जा सके। एशिया के वे लोग, जिन्होंने अपने कार्य क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां और उत्कृष्टता हासिल की है तथा बिना किसी आत्म-प्रशंसा के अपना जीवन सार्वजनिक सेवाओं या लोगों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया है, वे इस पुरस्कार के लिए पात्र हैं। यह पुरस्कार, जिसे महाद्वीप का सर्वोच्च सम्मान माना जाता है और एशिया का नोबेल पुरस्कार भी कहा जाता है, उन व्यक्तियों की महानता और उनकी भावना को मान्यता देता है, जिन्होंने लोकतांत्रिक समुदाय में जनता की बेहतरी के लिए निःस्वार्थ भाव से अपना जीवन समर्पित कर दिया है। पहला मैग्सेसे पुरस्कार विनोबा भावे को दिया गया था, इसलिए इस पुरस्कार की महिमा बढ़ गई। जयप्रकाश नारायण और बाबा आमटे को भी पुरस्कार मिल चुका है, जिसने पुरस्कार का ही सम्मान बढ़ाया। इसमें शुरू में छह श्रेणियां शामिल थीं, लेकिन उनमें से पांच को 2009 में बंद कर दिया गया था। असल में 2001 में फोर्ड फाउंडेशन का प्रवेश हुआ। जिसने उभरते नेतृत्व के नाम से पुरस्कार को वित्त पोषित किया,उभरते नेतृत्व की श्रेणी के अंतर्गत, यह पुरस्कार उस व्यक्ति को दिया जाता है, जिसका नेतृत्व समुदाय के बाहर पहचाना न गया हो, लेकिन फिर भी उसने बिना किसी आत्म-प्रशंसा के उस समुदाय की बेहतरी के लिए निःस्वार्थ भाव से अपना जीवन समर्पित कर दिया हो। 2009 से करीब-करीब सारा वित्त पोषण फोर्ड फाउंडेशन का हो गया और उसने पहले से प्रचलित सारी श्रेणियों को बंद कर के उभरता नेतृत्व के साथ ओपन श्रेणी बना दी, ताकि वह जिसे चाहे जिस श्रेणी के अंतर्गत पुरस्कार के लिए चुन सके। यहीं से शक की सुई शुरू हुई। उभरता नेतृत्व का पहला पुरस्कार भारत के संदीप पांडे को दिया गया था। वह लेखक- चिंतक और सोशलिस्ट पार्टी के महासचिव थे। यह बताना बहुत जरूरी है कि उन्हें मैग्सेसे पुरस्कार क्यों दिया गया था। उसी से जाहिर हो जाएगा कि अमेरिकी पुरस्कार संस्थाओं का असली उद्देश्य क्या है, और वे भारत में कैसे लोगों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। जिन चार कारणों से उन्होंने उन्हें यह पुरस्कार दिया था उसमें एक अटलबिहारी वाजपेयी सरकार की ओर से 1998 में किए गए न्यूक्लियर टेस्ट का विरोध करना था। भारत के न्यूक्लियर टेस्ट के खिलाफ उन्होंने पोकरण से सारनाथ तक 88 दिन की 1500 किलोमीटर की पदयात्रा की थी। अमेरिका ने उस समय भारत पर आर्थिक प्रतिबन्ध लगाए थे, यानि संदीप पांडे ने भारत के खिलाफ और अमेरिकी हितों के पक्ष में काम किया था, इसलिए उन्हें मैग्सेसे पुरस्कार दिया गया था। संदीप पांडे एक खास विचारधारा से जुड़े थे,अभी हाल ही में उन्होंने इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध में अमेरिका की फिलिस्तीन विरोधी नीति के कारण इसी साल मैग्सेसे पुरस्कार और अमेरिकी विश्वविद्यालयों से हासिल सारी डिग्रियां लौटाने की घोषणा की है। हालांकि संदीप पांडे को जब यह पुरस्कार दिया गया था, तब भी उन्हें पता था कि फिलिस्तीन के मुद्दे पर अमेरिका की नीति क्या हैं।

उभरते नेतृत्व का दूसरा पुरस्कार 2006 में अरविन्द केजरीवाल को दिया गया था। तब वह कोई उभरता नेतृत्व नहीं था, वह फोर्ड फाउंडेशन से वित्त पोषित एनजीओ चलाते थे, जो सरकार के खिलाफ काम कर रहा था। अरविन्द केजरीवाल को पुरस्कार इस लिए दिया गया था, क्योंकि वह फोर्ड फाउंडेशन के इशारे पर समाज में असंतोष पैदा करने के उसी तरह के काम कर रहे थे, जो अमेरिका चाहता है। फाउंडेशन को अरविन्द केजरीवाल में ऐसी क्षमता दिखी कि वह भारत में अनार्की फैलाने में सहायक हो सकता है, इसलिए उसे मैग्सेसे पुरस्कार दिया गया। जब केजरीवाल ने अपनी पार्टी बनाई तो उनके साथ तमाम भारत विरोधी शहरी नक्सली जुड़े थे। प्रशांत भूषण और आतिशी मार्लेना का नाम लिया जा सकता है, जिन की कश्मीर पर नीति भारत विरोधी रही है। केजरीवाल ने पार्टी पर कब्जा करने के लिए जब प्रशांत भूषण, योगेन्द्र यादव, प्रोफेसर आनन्द कुमार को पार्टी से निकाला गया, तब आतिशी मार्लेना को भी निकाला गया था, क्योंकि वह उस समय प्रशांत भूषण की चेली थी। जब आम आदमी पार्टी बनाई गई थी तब केंद्र में भाजपा की नहीं कांग्रेस की सरकार थी। केजरीवाल को दोनों अमेरिकी वित्त पोषक संस्थाओं का समर्थन और सहयोग हासिल था।

2012 में उभरता नेतृत्व श्रेणी में महाराष्ट्र की सामाजिक कार्यकर्ता नीलिमा मिश्रा को पुरस्कार दिया गया। वह जरूर एक अलग किस्म की महिला हैं, जो भगिनी निवेदिता से प्रभावित और उनके नाम से चल रही संस्थाओं में काम रही है, उन्होंने पुरस्कार की सारी राशि भी भगिनी निवेदिता ग्रामीण विज्ञान निकेतन को दान कर दी थी। इसके बाद 2015 अंशु गुप्ता और संजीव चतुर्वेदी को पुरस्कृत किया गया, जो सामाजिक कार्य में जुटे हैं। लेकिन 2019 में जब पहली बार पत्रकारिता के नाम पर घोर सरकार विरोधी रवीश कुमार को पुरस्कृत किया गया तो भारत में सवाल उठे थे, क्योंकि वह एकतरफा और हिंदुत्व विरोध की पत्रकारिता करते हैं। लेकिन 2018 में जब सामुदायिक प्रगति के लिए शिक्षा के क्षेत्र में काम करने पर सोनम वांगचुक को पुरस्कृत किया गया, तो उसका भारत में स्वागत किया गया था, क्योंकि वह लद्दाख में शिक्षा के क्षेत्र में काम करने के अलावा पर्यावरण के क्षेत्र में भी काम कर रहे थे। लेकिन पुरस्कार मिलने के बाद पिछले कुछ सालों में उन्होंने जिस तरह अपनी प्राथमिकताएं और मुद्दों पर स्टैंड बदला है, उससे उनकी छवि लद्दाख में उभरते हुए अरविन्द केजरीवाल की बन रही है। उनकी पृष्ठभूमि यह है कि उनके पिता सोनम वांग्याल जम्मू-कश्मीर की कांग्रेस सरकार में मंत्री थे। मोदी सरकार ने 2019 में जब जम्मू-कश्मीर से 370 हटाई और लद्दाख को केंद्र शासित घोषित किया तो सोनम वांगचुक ने उसका स्वागत किया था, उन्होंने ट्विटर पर लिखा था कि लद्दाख की तीस साल से चली आ रही मांग पूरी हुई, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी जताया था। लेकिन अचानक ही उन्होंने अपने स्टैंड में कुछ वैसा ही परिवर्तन कर लिया है, जैसे अरविन्द केजरीवाल के करेक्टर में परिवर्तन हुआ है। उन्होंने लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर आन्दोलन शुरू कर दिया है। छठी अनुसूची का मतलब है लद्दाख को दिल्ली की तरह विधानसभा देना, वह इसे खुद मुख्तियारी का नाम दे रहे हैं। पांच साल पहले वह इस बात से खुश थे कि लद्दाख को केंद्र शासित कर दिया गया है, जो लद्दाखियों की तीस साल पुरानी मांग थी। चीन लगभग पूरे लद्दाख को अपना मानता है, ऐसे भारत लद्दाख में विधानसभा देने का रिस्क कैसे ले सकता है। मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त अरविन्द केजरीवाल जब से दिल्ली के मुख्यमंत्री बने हैं, उनका केंद्र सरकार से कोई न कोई विवाद चलता ही रहता है, भारत सीमान्त लद्दाख में ऐसा जोखिम नहीं उठा सकता।

विदेशी अखबारों के झरोखे से

# हमास पर इजराइल का हमला प्रतिक्रिया स्वरूप



डॉ. सुब्रतो गुहा

आहट विश्व की-ईरान के सर्वोच्च नेता अयोतल्लाह खामेनेई ने एक बयान जारी किया है कि इजराइल के विरुद्ध ईरान का अभियान जारी रहेगा तथा इस सैन्य संघर्ष में इजराइल अधिक समय तक टिक नहीं पाएगा। इसी के साथ खामेनेई ने कहा कि पिछले वर्ष सात अक्टूबर को हमास द्वारा इजराइल पर किया गया हमला पूर्णतः जायज, कानूनी तथा तार्किक था। खामेनेई ने विश्व के सभी मुस्लिम देशों से आव्हान किया कि वे धार्मिक एकता के सूत्र में बंधकर अपने परम शत्रु इजराइल को मिटाने हेतु संयुक्त सैन्य अभियान चलाए। उन्होंने इजराइल का सशक्त प्रतिकार करने के लिए आतंकी संगठनों हमास एवं हिजबुल्लाह की प्रशंसा की।

- **द टाईम्स ऑफ इजराइल,** यरूशलम

(**टिप्पणी**-दिनांक सात अक्टूबर 2023 को हमास एवं हिजबुल्लाह आतंकी संगठनों के सैकड़ों आतंकियों ने अचानक पैराशूट की सहायता से इजराइल में प्रवेश कर एक हजार तीन सौ निरपराध नर-नारी एवं बच्चों की हत्या कर दी, यहूदी नारियों से सामूहिक बलात्कार किया तथा दो सौ से अनेकों की हत्या बाद में कर दी गई। यहूदी युवतियों को जब खींचते हुए दुराचार हेतु सीमा पार फिलीस्तीन ले जा रहे थे, तब सीमा पार हजारों फिलीस्तीनियों ने तालियां बजाकर इस घटनाक्रम का स्वागत किया। हमास जिहादियों ने यहूदी घरों में पालने में सो रहे शिशुओं तक को गला काटकर अथवा जिंदा जलाकर तड़पा-तड़पा कर मार डाला था। अक्टूबर सात, 2023 का उक्त खौफनाक घटनाक्रम विश्व के सभ्य समाज के लिए भले ही एक विभीषिका हो, तथापि विश्व के जिहादियों, जिहाद समर्थकों तथा फिलीस्तिनी मानवाधिकार का राग अलापने वाले उदारवादियों के लिए मानव प्रतिरोध का एक ऐतिहासिक स्मरणीय दिवस था। हमें इजराइल से प्रेरणा लेनी चाहिए, जिसने सात अक्टूबर 2023 की इस वर्ष बरसी से पहले ही हमास व हिजबुल्लाह के अधिकांश अत्याचारियों को इस दुनिया से विदा किया, अभी भी कर रहा है, ईंट का जवाब पत्थर के सिद्धांत को अपनाकर यह सभ्यताओं का टकराव है।)

**निशाने पर सनातन संस्कृति**-कई उदारवादी, प्रगतिशील भारतीय संगठनों द्वारा भारतीय सर्वोच्च न्यायालय में प्रस्तुत वैवाहिक बलात्कार को दंडनीय अपराध घोषित करने संबंधी याचिका में अपना उत्तर प्रस्तुत करते हुए भारत सरकार ने अपना पक्ष रखा कि वैवाहिक यौन संबंध को बलात्कार की श्रेणी में कदापि नहीं रखा जाना चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय में मई 2022 में वैवाहिक बलात्कार संबंधी याचिका में दो न्यायाधीशों की युगलपीठ का फैसला विभाजित था, एक न्यायाधीश पक्ष में तथा एक न्यायाधीश विपक्ष में थे, इसलिए याचिकाओं ने सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की थी।

- **द डान,** कराची, पाकिस्तान

(**टिप्पणी**-उन्नीसवीं शताब्दी में ब्रिटिश शासनकाल में निर्धारित भारतीय दंड संहिता में लिखा है- पति द्वारा अपनी पत्नी से स्थापित यौन संबंध बलात्कार की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। भारत की वर्तमान सरकार द्वारा जुलाई 2023 में लागू की गई भारतीय न्याय संहिता में भी ब्रिटिशकालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) का वैवाहिक बलात्कार विरोधी अवधारणा समाहित है। सन् 2005 में पारित घरेलू हिंसा कानून में भी पति के हाथों हिंसा की शिकार पत्नियों को न्याय पाने का अधिकार है। इस परिप्रेक्ष्य में यह समझना आवश्यक है कि कुछ साम्यवादी स्वघोषित सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा दायर वैवाहिक बलात्कार संबंधी उक्त याचिका का मुख्य उद्देश्य है सनातन हिन्दू संस्कृति के मुख्य आधार परिवार व्यवस्था पर प्रहार कर परिवारों को छिन्न-भिन्न करना, पश्चिमी उदारवादी अवधारणाओं के नाम पर। सांस्कृतिक मार्क्सवाद में वोकवाद की नीति है, जिसका उद्देश्य है कि किसी भी देश की विद्यमान संस्कृति को छिन्न-भिन्न कर उसके स्थान पर सांस्कृतिक मार्क्सवादी संस्कृति स्थापित करना। ऐसे षड्यंत्रों का प्रतिकार सरकार एवं सनातन समाज द्वारा ही हो पाएगा।)

**वोट बैंक खेल-यहां भी, वहां भी**-अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी उम्मीदवार कमला हेरिस के औपचारिक सलाहकार फिल गोर्डन ने अमेरिका के प्रमुख मुस्लिम संगठनों के नेताओं से भेंट की, क्योंकि अमेरिका के मुस्लिम मतदाता इस बात से नाराज है कि हमास, हिजबुल्लाह व ईरान से इजराइल के संघर्ष में अमेरिका इजराइल को समर्थन दे रहा है। फिल गोर्डन ने उक्त बैठक में मुस्लिम नेताओं को आश्वस्त किया कि अमेरिका इजराइल पर युद्ध विराम हेतु दबाव डालेगा। उल्लेखनीय तथ्य है कि डोनाल्ड ट्रंप के विरुद्ध 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अमेरिका के कुल मुस्लिम मतदाताओं में अधिकतम मुस्लिम मतदाताओं का समर्थन प्राप्त किया था। - **द यरूशलम पोस्ट,** इजराइल

(**टिप्पणी**- विगत दो दशकों के राष्ट्रपति चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी उम्मीदवारों, बराक हुसैन ओबामा अधिकतम हिस्सा मिला, क्योंकि डेमोक्रेटिक पार्टी इल्हान ओमार एवं अन्य कई जिहाद समर्थक सांसदों की सहायता से मुस्लिम तुष्टिकरण का खेल खेलती रही है। इस बार कमला हेरिस की कठिनाई यह है कि अधिकांश अमेरिकी ईसाई मतदाता मुस्लिम तुष्टिकरण से नाता तोड़कर रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप की राष्ट्रवादी नीति से जुड़ना चाहती है।

**(लेखक अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक हैं)**

पड़ोस

# इस्लामी आतंकवाद का भागीदार जाकिर नाइक



अरुण आनंद

जाकिर नाइक इन दिनों पाकिस्तान के दौरे पर हैं। वहां उनका जिस गर्मजोशी से स्वागत हो रहा है वह भारत ही नहीं बल्कि सभी पड़ोसी देशों सहित पूरी इस्लामी कट्टरवाद से त्रस्त पूरी दुनिया के लिए खतरे की घंटी है।


कौन है नाइक-जाकिर नाइक भारतीय उपमहाद्वीप में इस्लामी मामलों पर बोलने वाले एक प्रमुख इस्लामी वक्ता हैं। उनका प्रभाव ऐसे विवादों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रहा है जो इस क्षेत्र के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने और सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा करते हैं। अपने कट्टरपंथी व्याख्यानों के माध्यम से, उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को आकर्षित किया है, उन्हें धर्म की आड़ में हिंसा की ओर निर्देशित किया है। 1965 में मुंबई, भारत में जन्मे नाइक ने शुरू में चिकित्सा (एमबीबीएस) में डिग्री हासिल की और अपनी चिकित्सा शिक्षा का लाभ उठाकर एक ऐसे विमर्श का निर्माण किया जो तर्क और विज्ञान को उनके धार्मिक दावों के साथ जोड़ता था। उन्होंने इस नकारात्मक विमर्श का इस्तेमाल हिंसा को तर्कसंगत बनाने और भारत में मुसलमानों के उत्पीड़न को लेकर दुष्प्रचार के लिए इस्तेमाल किया। नाइक की प्रसिद्धि 1990 के दशक में इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन (आईआरएफ) के साथ उनके काम के माध्यम से शुरू हुई, जहां उन्होंने धर्मांतरण गतिविधियों में भाग लिया। उनके सारे प्रयासों का उद्देश्य अन्य धर्मों पर इस्लाम की श्रेष्ठता का दावा करना था। 2000 के दशक की शुरुआत में, उनके सार्वजनिक भाषण और वीडियो व्याख्यानों ने व्यापक ध्यान आकर्षित किया था और इस्लामी सिद्धांत की उनकी उत्तेजक व्याख्याओं के कारण काफी विवाद भी पैदा हुआ।

नाइक के प्रभाव में आतंकवादी हमले- जाकिर नाइक का असर कई गंभीर आतंकवादी हमलों के रूप में सामने आया है। वह वैश्विक सुरक्षा और मानवता के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा बन गया है। ढाका में जुलाई 2016 में कैफे होली आर्टिसन में आतंकी हमले के बाद, जिसके परिणामस्वरूप 23 व्यक्तियों की मौत हो गई, यह पता चला कि हमलावरों में से एक नाइक की चरमपंथी विचारधारा से प्रेरित था, जिसे उसके यूट्यूब चैनल के माध्यम से प्रसारित किया गया था। इस घटना ने उसकी कट्टरपंथी बयानबाजी के खतरनाक परिणामों को रेखांकित किया। नाइक की शिक्षाओं को विभिन्न व्यक्तियों के कट्टरपंथीकरण से जोड़ा गया है, जिसमें केरल के दो युवा शामिल हैं जो बाद में इस्लामिक स्टेट में शामिल हो गए। उनकी गवाही एक ऐसी खतरनाक प्रवृत्ति को उजागर करती है जिसमें नाइक द्वारा की गई इस्लाम की चरमपंथी व्याख्याएं हिंसा और आतंकवाद के उत्प्रेरक के रूप में काम करती हैं। नाइक के कुतर्क और उनसे बड़ी संख्या में युवाओं का जुड़ाव न केवल निर्दोष लोगों की जान को खतरे में डाल रहा है बल्कि समाज के ताने-बाने को भी कमजोर कर रहा है। अप्रैल 2019 में श्रीलंका में ईस्टर के मौके पर हुए बम विस्फोट नाइक के कट्टरवाद के दूरगामी परिणामों को और स्पष्ट करते हैं। नेशनल तौहीद जमात के नेता जहरान हाशिम ने सार्वजनिक रूप से नाइक की प्रशंसा की और उसके अनुयायियों से आग्रह किया कि वे इस बात पर विचार करें कि वे उसके नाम पर क्या कार्रवाई कर सकते हैं। इस हमले में लगभग 260 लोगों की जान चली गई थी। नाइक के भड़काऊ भाषण और चरमपंथी विचार ऐसी विचार धाराओं की वकालत करते हैं जो नफरत और विभाजन को भड़काती हैं। उन्हें अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट जैसे समूहों की कार्रवाइयों का बचाव करते हुए उद्धृत किया गया है, जो इस्लाम के कथित दुश्मनों के खिलाफ हिंसा को सही ठहराते हैं। नाइक के बयान न केवल कट्टरपंथ को बढ़ावा देते हैं, बल्कि सामाजिक एकजुटता और वैश्विक शांति के लिए भी खतरा पैदा करते हैं। नाइक द्वारा समलैंगिकता के लिए मृत्युदंड और महिलाओं के खिलाफ हिंसा का समर्थन एक ऐसे विश्व दृष्टि को दर्शाती है जो मौलिक रूप से मानवाधिकारों को नहीं मानती है। इस्लाम की कट्टरपंथी व्याख्या को बढ़ावा देकर नाइक असहिष्णुता और आक्रामकता के माहौल को बढ़ावा देने का काम कर रहा है। दुर्भाग्य की बात यह है कि अंतरराष्ट्रीय आव्हान के बावजूद नाइक को प्रत्यर्पित करने से मलेशिया लगातार इनकार कर रहा है। इससे आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को बड़ा झटका लगा है। हाल ही में पाकिस्तान ने जाकिर नाइक का गर्मजोशी से स्वागत करके सुर्खियां बटोरी है। यह कृत्य कट्टरपंथी विचारधाराओं से जुड़े व्यक्तियों को पाकिस्तान द्वारा मौन समर्थन का प्रतीक है और पाकिस्तान की नीतियों और इस्लामी कट्टरवाद के करीबी संबंधों को उजागर करता है। पाकिस्तानी अधिकारियों द्वारा नाइक का स्वागत कट्टरपंथी विचारधाराओं को बढ़ावा देने की पाकिस्तान की अधिकृत सरकारी नीति का ताज़ा उदाहरण है। पाकिस्तान की सरकार और समाज ने जिस तरह नाइक को सर आंखों पर बैठाया है वह इस बात को साफ करता है कि वहां की सरकार और समाज दोनों ही कट्टरपंथ और आतंकवाद के घोर समर्थक ही नहीं बल्कि उसमें भागीदार भी हैं।

**(लेखक पत्रकार एवं स्तंभकार हैं)**

श्री माणिकचंद्र वाजपेयी 'मामाजी' की आज जयंती

# राष्ट्रीय विचारों की पत्रकारिता के पुरोधा 'मामाजी'



अरविन्द जवलेकर

श्री माणिकचंद्र वाजपेयी जिन्हें उनके सारे परिचित स्नेह से मामाजी के नाम से पुकारते थे, का स्मरण होते ही आंखों के सामने उनकी अनेक स्मृतियां साकार हो जाती हैं। गेहुंआ रंग, छोटे बाल, लंबी चोटी, बड़ी-बड़ी मूंछें, नाक पर चश्मा, सफेद धोती-कुर्ता पहने हुए मामाजी को जब मैंने पहले-पहल देखा, तब मैं कोई 13-14 वर्ष का किशोर स्वयंसेवक रहा हूंगा। 24 इंची डंडे वाली ऊंची सायकिल पर सवार होकर मामाजी तेज पैडल मारते हुए हमारी सायं शाखा के किसी उत्सव में बौद्धिक देने आए थे। अपनी मधुर वाणी तथा स्नेहपूर्ण व्यवहार से उन्होंने हम बाल स्वयंसेवकों को बहुत प्रभावित किया था। उसी दिन से मेरी मामाजी से जो घनिष्ठता हुई, वह निरंतर बनी रही।

इंदौर आने के पूर्व मामाजी भिंड में थे। स्वदेश के निमित्त संघ की योजना से वे इंदौर आए और यहीं के हो गए। यहीं रहकर उन्होंने राष्ट्रीय विचारों की पत्रकारिता को दिशा दी और मध्यभारत में राष्ट्रीय विचारों की पत्रकारिता के जनक कहलाए। वैसे तो मध्यभारत स्वतंत्रता के पूर्व मराठा रियासतों के द्वारा शासित होने के कारण प्रारंभ से ही राष्ट्रीय विचारों से प्रभावित रहा है, मगर दैनिक स्वदेश के प्रारंभ होने तक राष्ट्रवादी विचारों से प्रेरित व्यापक प्रभाव वाला कोई भी समाचार-पत्र मध्यभारत क्षेत्र में नहीं था। ऐसी परिस्थिति में संघ विचारों से प्रेरित लोगों ने 1966 में इंदौर से राष्ट्रीय विचारों के दैनिक स्वदेश का शुभारंभ किया। श्री माणिकचंद्र वाजपेयी उपाख्य मामाजी स्वदेश के सारथी बनकर इंदौर आए और शीघ्र ही उसके पर्याय बन गए। प्रारंभ में उपसंपादक, फिर संपादक, प्रधान संपादक तथा सलाहकार संपादक के रूप में उन्होंने स्वदेश को लगभग साढ़े तीन दशक तक दिशा दी। इस अवधि में अपनी सशक्त कलम से उन्होंने जहां जनमानस को राष्ट्रीय विचारों से शिक्षित किया, वहीं समविचारों के अनेक लेखक तथा पत्रकार भी तैयार किए। स्वदेश को प्रारंभ हुए अभी कुछ ही समय हुआ था, मामाजी के कलम की धाक अभी जमना शुरू ही हुई थी कि अचानक इंदौर में हिंद केसरी पहलवान मास्टर चंदगीराम पर हुए प्राणघातक हमले के कारण शहर हिन्दू-मुस्लिम दंगे में झुलस गया। सारे समाचार-पत्र सरकारी दबाव के चलते मामले में लीपापोती करते रहे। हिन्दुओं का पक्ष उठाने को कोई तैयार नहीं था। ऐसे समय स्वदेश ने निडर होकर दंगे की सम्पूर्ण कारण मीमांसा पाठकों के समक्ष रखी। मामाजी ने दंगे के कारणों पर प्रकाश डालते हुए लंबी लेखमाला लिखी, जो बहुत चर्चित तथा लोकप्रिय हुई। लेखमाला को विस्फोटक बताते हुए शासन ने स्वदेश पर प्रतिबंध लगाकर मामाजी को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय के हस्तक्षेप तथा जनआंदोलन के बाद स्वदेश पुनः प्रारंभ हो सका। इस घटनाक्रम से स्वदेश की लोकप्रियता अत्यधिक बढ़ गई। यह मामाजी के धारदार लेखन का ही प्रभाव था कि उन दिनों स्वदेश की प्रसार संख्या अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। सामान्यता सभी स्थानों पर प्रेस क्लबों के चुनाव पत्रकारों की आपसी गुटबाजी तथा प्रतिस्पर्धा के माहौल में हमेशा ही बड़े कशमकशपूर्ण होते हैं, मगर इंदौर प्रेस क्लब के सभी पत्रकारों ने मामाजी की अनिच्छा के बावजूद उन्हें आग्रहपूर्वक निर्विरोध प्रेस क्लब का अध्यक्ष बनाया था। यह उनका सम्मान ही था। आज मामाजी नहीं हैं, मगर मध्यभारत के पत्रकार जगत में वे एक आदर्श के रूप में स्थापित हैं। उनकी जयंती पर शत्-शत् नमन्।



**(लेखक विचारक हैं)**

## सार संक्षेप

### लीजेंड्स लीग क्रिकेट के लिए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पहुंचे श्रीनगर



**श्रीनगर** : लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के अंतिम चरण में भाग लेने के लिए पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी रविवार को श्रीनगर पहुंच गये है। अधिकारियों ने रविवार को यहां बताया कि बुधवार नौ अक्टूबर से बख्शी स्टेडियम में होने वाली एलएलसी के लिए अधिकांश खिलाड़ी पहुंच गये है और श्रीनगर पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मोहम्मद कैफ, शिखर धवन, दिनेश कार्तिक, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, क्रिस गेल, रॉस टेलर, इयान बेल सहित 124 पूर्व अंतरराष्ट्रीय सितारे पहली बार कश्मीर में मैच खेलेंगे। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान क्रिस गेल ने एक वीडियो संदेश में कहा कि हैलो श्रीनगर, यूनिवर्स बॉस शहर में है यूनिवर्स बॉस को देखने के लिए अपने टिकट बुक करें, आम श्रीनगर आपकी तलाश कर रहा है। एक अधिकारी ने कहा कि बख्शी स्टेडियम श्रीनगर में मेगा क्रिकेट आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि यह कश्मीर के लोगों के लिए लगभग 40 वर्षों में पहली बार स्टेडियम में आकर लाइव क्रिकेट एक्शन देखने का एक बड़ा अवसर है।

### डिसएब्ल्ड क्रिकेट चैंपियनशिप 15 से

**उदयपुर** : राजस्थान के उदयपुर में नारायण सेवा संस्थान एवं भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) के तत्वावधान में 15 से 25 अक्टूबर तक नेशनल डिसएब्ल्ड क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन होगा। जिसमें विभिन्न राज्यों की टीमें हिस्सा लेगी। नारायण सेवा के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता की सम्पूर्ण व्यवस्था संस्थान द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि तीसरी क्रिकेट प्रतियोगिता भी संस्थान के सहयोग से आयोजित हुई थी। पिछले वर्ष की तरह दिव्यांगों को खेलों से जोड़ते हुए मंच प्रदान करने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता की जा रही है। उल्लेखनीय है कि नारायण सेवा संस्थान दिव्यांगों के लिए समय-समय पर स्विमिंग चैंपियनशिप, व्हीलचेयर चैंपियनशिप और ब्लाइंड क्रिकेट चैंपियनशिप जैसे कई आयोजन कर चुका है।

### कार्तिक कुमार और केएम लक्ष्मी ने जीती बेंगलुरु मैराथन

**बेंगलुरु** : एशियन गेम्स के पदक विजेता कार्तिक कुमार ने रविवार को बेंगलुरु मैराथन 2024 में पुरुषों की एलीट दौड़ जीती, वहीं केएम लक्ष्मी ने महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया। यहां आयोजित इस दौड़ में पिछले साल चीन के हांगझोऊ में एशियाई खेल 2023 में 10 हजार मीटर में रजत पदक जीतने वाले कार्तिक कुमार ने 2:22:50 समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रदीप सिंह चौधरी 2:23:35 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि हर्षद ने 2:25:50 के समय के साथ पुरुषों की दौड़ में तीसरा स्थान हासिल किया। यह बेंगलुरु मैराथन का 11वां संस्करण था, जो एक ई श्रेणी विश्व एथलेटिक्स लेबल रोड रेस है। इस वर्ष इसे एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) द्वारा राष्ट्रीय ओपन मैराथन के रूप में भी प्रमाणित किया गया था। महिलाओं की रेस में केएम लक्ष्मी 3:00:21 के समय के साथ खिताब अपने नाम किया। पिछले साल की चैंपियन ज्योति गावटे को 3:25:21 के समय के साथ तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। अश्विनी जाधव को 3:12:42 समय के साथ दूसरे स्थान पर रही।

### मोहसीन ने होण्डा इंडिया टैलेंट कप में दर्ज की शानदार जीत

**चेन्नई** : मलप्पुरम के मोहसीन पराम्बन ने शानदार परफोर्मेन्स के साथ आईडेमित्सु होण्डा इंडिया टैलेंट कप एनएसएफ 250 आर 2024 सीजन का समापन जीत के साथ किया। उन्होने दस रेसों में सात जीतों के साथ सीजन पूरा किया। मद्रास इंटरनेशनल सर्किट (चेन्नई) में आज की 8-लैप की रेस में मोहसीन ने मजबूत शुरूआत की। हालांकि उनकी मशीन में मैकेनिकल खराबी होने की वजह से वे कुछ धीमे हो गए। तभी सेविअन बाबू ने निर्णायक कदम उठाया और तेज़ी से एक्सेलरेट करते हुए इस कड़े मुकाबले में बढ़त ले ली। फाइनल रेस में सेविअन का प्रदर्शन शानदार रहा।

# महिला टीम ने चखा जीत का स्वाद

## महिला टी-20 विश्वकप में भारत ने पाक को छह विकेट से हराया

○ दुबई,

**अरुंधति** रेड्डी (तीन विकेट) और श्रेयंका पाटिल (दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद शेफाली वर्मा (32) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (रिटायर्ड हर्ट 29) की शानदार पारियों की बदौलत भारत ने रविवार को महिला टी-20 विश्वकप के सातवें मैच में पाकिस्तान को सात गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया हैं।

यहां दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में 106 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ओवर में स्मृति मंधाना (07) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई जेमिमाह रॉड्रिग्स ने शेफाली वर्मा के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। 12वें ओवर में ओमाइमा सोहैल ने शेफाली वर्मा को रियाज के हाथों कैच आउट कराकर पाकिस्तान को दूसरी सफलता दिलाई। शेफाली ने 35 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए (32) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जेमिमाह के साथ तेजी से रन बटोरने का प्रयास किया। 16वें ओवर में फातिमा सना ने जेमिमाह (23) को विकेटकीपर मुनीबा अली के हाथों कैच आउट करा दिया और अगली ही गेंद पर ऋचा घोष (00) को भी पवेलियन भेज दिया। इस समय ऐसा लगने लगा कि पाकिस्तान मैच में वापसी कर रहा है, लेकिन हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। दोनों बल्लेबाज भारत को जीत की दहलीज पर ले गई। 19वें ओवर की चौथी गेंद पर शॉट खेलने के दौरान हरमनप्रीत गिर कर चोटिल हो गई और रिटायर हर्ट होना पड़ा। उन्होंने 24 गेंदों में एक चौका लगाते हुए 29 रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई सजीवन सजना ने आते ही चौका लगाकर भारत को जीत दिला दी। भारत ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 108 रन बनाकर छह विकेट से यह मुकाबला जीत लिया। पाकिस्तान की ओर से फातिमा सना ने दो विकेट लिए। सादिया इकबाल और ओमाइमा सोहैल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम को मैच की शुरुआत से ही भारतीय गेंदबाजी के कहर का सामना करना पड़ा। पहले ही ओवर में रेणुका सिंह ने गुल फिरोजा (शून्य) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में दीप्ति शर्मा ने सिदरा अमीन (8) को अपना शिकार बनाया। अरुंधति रेड्डी ने ओमाइमा सोहैल (3) को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। 10वें ओवर में श्रेयंका पाटिल ने मुनीबा अली (17) को आउट किया। आलिया रियाज (4), कप्तान फातिमा सना (13) और तुबा हसन (00) पर आउट हुई। निदा डार ने पाकिस्तान के लिए सर्वाधिक 28 रनों की पारी खेली। सैयदा अरूब शाह (14) और नाशरा संधू (6) रन बनाकर नाबाद रही। भारतीय गेंदबाजी कहर के आगे पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 105 का स्कोर बना सकी। भारत की ओर से अरुंधति रेड्डी ने 19 रन देकर (तीन विकेट) और श्रेयंका पाटिल ने 12 रन देकर (2 विकेट) लिये। रेणुका सिंह, दीप्ति शर्मा और सोभना आशा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



### स्कोर बोर्ड

| पाकिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मुनीबा स्टम्प ऋचा बो श्रेयंका | 17 | 26 | 2 | 0 |
| गुल फिरोजा बो रेणुका | 00 | 4 | 0 | 0 |
| सिदरा अमीन बो दीप्ति | 08 | 11 | 1 | 0 |
| ओमाइमा का शेफाली बो अरुंधति | 03 | 6 | 0 | 0 |
| निदा डार बो अरुंधति | 28 | 34 | 1 | 0 |
| आलिया पगबाधा बो अरुंधति | 04 | 9 | 0 | 0 |
| फातिमा का ऋचा बो आशा | 13 | 8 | 2 | 0 |
| तुबा का शेफाली बो श्रेयंका | 00 | 3 | 0 | 0 |
| सैयदा अरूब शाह नाबाद | 14 | 17 | 1 | 0 |
| नाशरा संधू नाबाद | 06 | 2 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 12 रन

कुल : 20 ओवर में आठ विकेट पर 105 रन

विकेट पतन: 1-1 , 2-25 , 3-33 , 4-41 , 5-52 , 6-70 , 7-71 , 8-99

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| रेणुका सिंह | 4 | 0 | 23 | 1 |
| दीप्ति शर्मा | 4 | 0 | 24 | 1 |
| अरुंधति रेड्डी | 4 | 0 | 19 | 3 |
| श्रेयंका पाटिल | 4 | 1 | 12 | 2 |
| सोभना आशा | 4 | 0 | 24 | 1 |

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| शैफाली का आलिया बो सोहेल | 32 | 35 | 3 | 0 |
| स्मृति का तुबा बो सादिया | 07 | 16 | 0 | 0 |
| जेमिमा का मुनीबा बो फातिमा | 23 | 28 | 0 | 0 |
| हरमनप्रीत रिटायर हर्ट | 29 | 24 | 1 | 0 |
| ऋचा का मुनीबा बो फातिमा | 00 | 1 | 0 | 0 |
| दीप्ति शर्मा नाबाद | 07 | 8 | 0 | 0 |
| सजीवन सजना नाबाद | 04 | 1 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 06 रन

कुल : 18.5 ओवर में चार विकेट पर 108 रन

विकेट पतन: 1-18, 2-61, 3-80, 4-80, 4- 104*

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| फातिमा सना | 4 | 0 | 23 | 2 |
| सादिया इकबाल | 4 | 0 | 23 | 1 |
| निदा डार | 1.5 | 0 | 10 | 0 |
| ओमाइमा सोहेल | 3 | 0 | 17 | 1 |
| नाशरा संधू | 4 | 0 | 21 | 0 |
| तूबा हसन | 2 | 0 | 14 | 0 |

## वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को 99 रन पर रोका

**दुबई, वार्ता** : वेस्टइंडीज ने रविवार को महिला टी-20 विश्वकप के आठवें मैच में स्कॉटलैंड को 99 के स्कोर पर रोक दिया है। अब वेस्टइंडीज को जीत के लिए 100 रन बनाने है। स्कॉटलैंड टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। वेस्टइंडीज के गेंदबाज शुरु से ही स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों पर हावी रहे। हेली मैथ्यूज ने 13 रनों के स्कोर पर सस्किया हॉर्ली (11) को डॉटिन के हाथों कैच आउट कराकर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। अभी स्कोर में दो रन जुडे थे कि शिनेल हेनरी ने सेरा ब्राइस (दो) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कप्तान कैथरीन ब्राइस और एयलसा लिस्टर ने टीम के स्कोर को 59 रन तक पहुंचाया। फ्लेचर ने 12वें ओवर में लिस्टर को रामहैरक के हाथों कैच आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद नियमित अंतराल पर स्कॉटलैंड के विकेट गिरते रहे। लॉरना जैक (11) रन बनाकर आउट हुई और डार्सी कार्टर 14 रन पर नाबाद रही। स्कॉटलैंड निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 99 रन ही बना सकी। लिस्टर ने स्कॉलैंड के लिए सर्वाधिक 26 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से फ्लेचर ने चार ओवर में 22 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट लिए। वहीं शिनेल हेनरी, हेली मैथ्यूज, करिश्मा रामहैरक को एक-एक विकेट मिला।

## शानीज ट्राफी में रंग जमाएंगे दिग्गज

लखनऊ : नवाब नगरी में अगले साल क्रिकेट की दुनिया के पूर्व दिग्गज आल इंडिया प्राइजमनी क्रिकेट प्रतियोगिता 'शानीज ट्राफी' में रंग जमाएंगे। प्रतियोगिता का आयोजन अगले साल 14 फरवरी से दो मार्च के बीच होगा। आयोजन सचिव सुमित शुक्ला ने रविवार शाम बताया कि इस टूर्नामेंट की विजेता टीम को पांच लाख जबकि उपविजेता टीम को तीन लाख की पुरस्कार राशि दी जायेगी। अखिल भारतीय स्तर के इस टूर्नामेंट में एसबीआई, एनईआर रेलवे के साथ यूपी, दिल्ली और चंडीगढ़ जैसे कई राज्यों की टीमों को खेलने के लिए आमंत्रण भेजा गया है। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट के आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) व क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) ने अनुमति प्रदान की है जिनके सहयोग से यह टूर्नामेंट कराया जाएगा। शुक्ला ने बताया कि इस टूर्नामेंट के ब्रांड एंबेसडर पूर्व भारतीय क्रिकेटर चेतन शर्मा बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि 25 ओवर के इस लीग कम नॉकआउट फॉर्मेट में होने वाले टूर्नामेंट में पूर्व अंतरराष्ट्रीय व रणजी क्रिकेटर राजधानी लखनऊ में खेलते हुए नजर आयेंगे। टूर्नामेंट के मैच केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर खेले जाएंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर चेतन शर्मा ने कहा कि अगर हम शीशमहल क्रिकेट की तुलना में 25 फीसदी भी सफल रहते है।

# सुल्तान जोहोर कप के लिए भारतीय हॉकी की आमिर अली को कमान

### हॉकी इंडिया ने सुल्तान जोहोर कप के लिए भारतीय जूनियर टीम की घोषणा की

**बेंगलुरु, वार्ता** : हॉकी इंडिया ने मलेशिया में होने वाले सुल्तान जोहार कप के लिए 18 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। टीम के नवनियुक्त कोच पीआर श्रीजेश मलेशिया दौरे पर अपना पद संभालेंगे। टीम की कप्तानी डिफेंडर आमिर अली करेंगे जबकि फॉरवर्ड रोहित उप कप्तान होंगे।

आमिर अली की अगुवाई में भारत 19 अक्टूबर को जापान के खिलाफ मैच के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद ग्रुप चरण में ब्रिटेन, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के साथ मुकाबला होगा। युवा टीम में अमीर अली और गुरजोत सिंह जैसे प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैं, दोनों ने इस साल की शुरुआत में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के सफल प्रदर्शन के दौरान अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। मलेशिया दौरे को लेकर आमिर अली ने कहा कि सुल्तान ऑफ जोहोर कप टीम के लिए एक



महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है और सभी खिलाड़ी इसको लेकर उत्साहित हैं। रोहित ने श्रीजेश की उपस्थिति पर कहा कि पीआर श्रीजेश जैसे भारतीय हॉकी दिग्गज का प्रभारी होना टीम के लिए बहुत बड़ा प्रोत्साहन है। हम सभी उसके पास जाने और उसे गौरवान्वित करने के लिए उत्सुक हैं। पुरुष हॉकी टीम इस प्रकार हैः- गोलकीपरः बिक्रमजीत, अली खानः डिफेंडरः आमिर अली (कप्तान), तलेम, शारदानंद, सुखविंदर, अनमोल एक्का, रोहित, मिडफील्डर : अंकित, मनमीत, रोसन कुजूर, मुकेश, चंदन, फॉरवर्डः गुरजोत, सौरभ, दिलराज, अर्शदीप, मोहम्मद कोनैन डैड।

# एअर इंडिया पर भड़कीं रानी रामपाल

○ नई दिल्ली,

**एअर** इंडिया की फ्लाइट पर भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल का ट्रॉली बैग टूट गया। 29 साल की हॉकी खिलाड़ी कनाडा से स्वदेश लौट रही थीं। इस पर रानी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए गुस्सा जाहिर किया है, हालांकि एअर इंडिया ने रानी रामपाल से तुरंत माफी मांगी है।

रानी रामपाल टोक्यो ओलिंपिक 2020 में भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रह चुकी हैं। वे 2016 के रियो ओलिंपिक में भारतीय टीम का हिस्सा रहीं। उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया जा चुका है। सोशल पोस्ट में रानी ने लिखा कि धन्यवाद एअर इंडिया, इस शानदार सरप्राइज के लिए। यह है आपके स्टाफ का बैग के साथ व्यवहार। आज दोपहर कनाडा से दिल्ली पहुंचने पर मुझे मेरा बैग टूटा हुआ मिला। रानी रामपाल ने इस पोस्ट के जरिए नाराजगी जाहिर की। एअर इंडिया ने जानकारी मंगाई। एअर इंडिया ने रानी रामपाल से माफी मांगते हुए उनसे उनकी यात्रा की डीटेल मांगी और



कार्यवाही का अश्वासन दिया। एअर इंडिया ने लिखा कि प्रिय मिस रानी रामपाल, हुई असुविधा के लिए हम क्षमा चाहते हैं। कृपया हमें अपना टिकट नंबर, बैग टैग नंबर और डैमेज कम्प्लेंट नंबर कॉपी भेजें। हम इस मामले को देखेंगे। हालांकि, यूजर्स ने एअर इंडिया की प्रतिक्रिया को अपर्याप्त बताया। एक यूजर ने लिखा कि एअर इंडिया की सेवा हमेशा ऐसी ही होती है। यूजर्स एअर इंडिया पर भड़के, अपने

### रानी का कनाडा से लौटते समय बैग टूटा, लिखा-सरप्राइज के लिए धन्यवाद

एक्सपीरियंस भी शेयर किए मामले के बाद यूजर्स एअर इंडिया पर भड़क गए। कुछ ने अपने एक्सपीरियंस भी शेयर किए। एक यूजर ने लिखा- 'कुछ महीने पहले मैंने फ्लाइट में अपने महंगे हेडफोन भूल दिए थे और तुरंत ईमेल करके रिपोर्ट किया, लेकिन आज तक कोई जवाब नहीं मिला। एक अन्य यूजर ने कहा कि एयर इंडिया को अपनी कस्टमर सर्विस में सुधार करने की सख्त जरूरत है और इसे इंटरनेशनल स्टैंडर्स के बराबर लाना चाहिए। एक यूजर ने अन्य एयरलाइंस से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए। बताया कि गोवा के मोप एयरपोर्ट पर उनके बैग का हैंडल टूट गया था और बैग में कई जगह छेद हो गए थे। इसी तरह, कई अन्य यात्रियों ने भी खराब सेवा और सामान को नुकसान पहुंचाने की शिकायतें की।

# पहले टी-२० में गेंदबाजों ने दिखाया दम

## अर्शदीप-चक्रवर्ती ने झटके 3-3 विकेट, भारत ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

○ ग्वालियर,

**भारत** ने बांग्लादेश को पहले टी-20 में 7 विकेट से हरा दिया। ग्वालियर के माधवराव सिंधिया स्टेडियम में भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बांग्लादेश ने 19.5 ओवर में 127 रन बनाए। भारत ने 11.5 ओवर में 3 ही विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

भारत से अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती ने 3-3 विकेट लिए। संजू सैमसन और सूर्यकुमार यादव ने 29-29 रन बनाए। हार्दिक पंड्या ने 39 रन बनाकर मैच खत्म किया। पहला टी-20 जीतकर भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा मुकाबला 9 अक्टूबर को दिल्ली में खेला जाएगा। इससे पहले भारतीय गेंदबाज अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए बांग्लादेश को पहले टी-20 मैच में रविवार को 127 के स्कोर पर समेटा दिया है। यहां भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश को पहले ही ओवर में अर्शदीप सिंह ने लिटन कुमार दास (04) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद तीसरे ओवर में अर्शदीप सिंह ने परवेज हुसैन इमॉन (08) को बोल्ड कर बंगलादेश को दूसरा झटका दिया। इस दौरान कप्तान नजमुल शान्तो ने पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में मो. तौहीद हृदोय (12) को वरूण चक्रवर्ती ने अपना शिकार बना लिया। महमुदउल्लाह (01) को आउट कर मयंक यादव ने अपने पदार्पण मैच में पहला विकेट लिया। 10वें ओवर में जाकेर अली (08) को वरूण चक्रवर्ती ने बोल्ड आउट किया। 12वें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने नजमुल शान्तो (27) को अपनी गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। रिशाद हुसैन (11), तसकीन अहमद (12), शोरिफुल इस्लाम (00) और मुस्तफिजुर रहमान (एक) रन बनाकर आउट हुए। मेहदी हसन मिराज ने 32 गेंदों में (नाबाद 35) रनों की पारी खेली। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे बांग्लादेश की पूरी टीम 19.5 ओवर में 127 के स्कोर पर सिमट गई। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती ने तीन-तीन विकेट लिए। हार्दिक पांड्या, मयंक यादव और वॉशिंगटन सुंदर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।




### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| परवेज हुसैन बो अर्शदीप | 08 | 9 | 0 | 1 |
| लिटन का रिंकू बो अर्शदीप | 04 | 2 | 1 | 0 |
| शान्तो का एंड बो सुंदर | 27 | 25 | 1 | 1 |
| मो. तौहीद का हार्दिक बो चक्रवर्ती | 12 | 18 | 2 | 0 |
| महमुदउलाह का सुंदर बो यादव | 01 | 2 | 0 | 0 |
| जाकेर अली बो चक्रवर्ती | 08 | 6 | 0 | 1 |
| मेहदी हसन मिराज नाबाद | 35 | 32 | 3 | 0 |
| रिशाद का हार्दिक बो चक्रवर्ती | 11 | 5 | 1 | 1 |
| तस्कीन अहमद रन आउट | 12 | 13 | 1 | 0 |
| शोरिफुल इस्लाम बो हार्दिक | 00 | 2 | 0 | 0 |
| मुस्तफिजुर बो अर्शदीप | 01 | 5 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08 रन

कुल : 19.5 ओवर में 127 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन: 1-5 , 2-14 , 3-40 , 4-43 , 5-57 , 6-75 , 7-93 , 8-116 , 9-117 , 10-127

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| अर्शदीप सिंह | 3.5 | 0 | 14 | 3 |
| हार्दिक पांड्या | 4 | 0 | 26 | 1 |
| वरुण चक्रवर्ती | 4 | 0 | 31 | 3 |
| मयंक यादव | 4 | 1 | 21 | 1 |
| नितीश कुमार रड्डी | 2 | 0 | 17 | 0 |
| वॉशिंगटन सुंदर | 2 | 0 | 12 | 1 |

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन का रिशद बो मिराज | 29 | 19 | 6 | 0 |
| अभिषेक शर्मा रन आउट | 16 | 7 | 2 | 1 |
| सूर्यकुमार का अली बो मुस्तफिजुर | 29 | 14 | 2 | 3 |
| नितीश नाबाद | 16 | 15 | 0 | 1 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 39 | 16 | 5 | 2 |

अतिरिक्त : 03 रन

कुल : 11.5 ओवर में तीन विकेट पर 132 रन

विकेट पतन: 1-25 (अभिषेक शर्मा, 1.6 ओवर), 2-65 (सूर्यकुमार यादव, 5.3 ओवर), 3-80 (संजू सैमसन, 7.5 ओवर)

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| शोरगुल वाला इस्लाम | 2 | 0 | 17 | 0 |
| तस्कीन अहमद | 2.5 | 0 | 44 | 0 |
| मुस्तफिजुर रहमान | 3 | 0 | 36 | 1 |
| रिशद हुसैन | 3 | 0 | 26 | 0 |
| मेहदी हसन मेराज | 1 | 0 | 7 | 1 |

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)